जबलपुर, शनिवार
दिनांक 07 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 250
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'हर सुबह खुद को साबित करने का और अपनी दिशा निर्धारित करने का एक नया अवसर लाती है'

2 समाजसेवी के नेतृत्व में नशा मुक्ति...
5 जिले में अवैध शराब का कौन है...
7 अल-अक्सा मस्जिद में जुमे की...
11 प्रदेश में बन रहा है इलेक्ट्रिक...

# यूपीएससी का परिणाम घोषित: अनुज अग्निहोत्री बने देश के नए टॉपर

नयी दिल्ली

अनुज अग्निहोत्री ने 2025 की सिविल सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग ने घोषित किए। राजेश्वरी सुवे एम ने दूसरा स्थान और आकांश धुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। आयोग ने बताया कि कुल 958 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं और उन्हें विभिन्न केंद्रीय सिविल सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। सिविल सेवा परीक्षा हर वर्ष तीन चरणों – में आयोजित की जाती है। इसे पीएससी द्वारा भारतीय




प्रशासनिक सेवा , भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा सहित अन्य सेवाओं के लिए अधिकारियों का चयन करने के लिए आयोजित किया जाता है।आयोग के अनुसार, अनुशंसित 348 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अस्थायी (प्रोविजनल) रखा गया है। केंद्र सरकार ने सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भरने के लिए कुल 1,087 रिक्तियों की जानकारी दी थी। पीएससी के परिसर में परीक्षा हॉल के पास एक फैसिलिटेशन काउंटर भी है। उम्मीदवार कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या फोन नंबर 23385271/23381125/23098543 पर अपनी परीक्षा/भर्ती से संबंधित किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी सफल विद्यार्थियों को बधाई

### मध्यप्रदेश के दो विद्यार्थी को यूपीएससी के टॉप-10 में मिली जगह



भोपाल ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मध्यप्रदेश के दो विद्यार्थियों द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार की शाम इंदौर एयरपोर्ट पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि यूपीएससी के घोषित नतीजों से उन्हें विशेष प्रसन्नता हुई है। मध्यप्रदेश के दो युवा ऐसे हैं जिन्होंने टॉप–10 में जगह बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के श्री ईशान और धार के श्री पक्षल ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में विशेष प्रतिभा का परिचय दिया है। निश्चित ही ये दोनों युवक अन्य युवाओं के लिए प्रेरक हैं। यूपीएससी–2025 के परीक्षा परिणाम में मध्यप्रदेश का परचम लहराया है। जहां प्रदेश के अभ्यर्थियों ने टॉप–10 में भी स्थान प्राप्त किया है, वहीं विद्यार्थियों के कुल चयन में भी मध्यप्रदेश के अभ्यर्थियों की संख्या उल्लेखनीय रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

## ईरान के सर्वोच्च नेता के चयन में मेरी भागीदारी होनी चाहिए: ट्रंप

वॉशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



कहा है कि ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन में उनकी व्यक्तिगत भागीदारी होनी चाहिए। अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस को गुरुवार को दिये एक टेलीफोन साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने कहा कि दिवंगत ईरानी सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई का ईरान का नया नेता बनना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, इस नियुक्ति में मेरी भागीदारी होनी ही चाहिए। खामेनेई का बेटा मुझे मंजूर नहीं है। इसके साथ ही श्री ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि ईरान किसी ऐसे नए नेता का चयन करता है जो खामेनेई की नीतियों को ही जारी रखता है, तो अमेरिका को अगले पांच वर्षों के भीतर फिर से युद्ध के मैदान में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## अमेरिका और खाड़ी देश अब मांग रहे यूक्रेन से मदद

**नयी दिल्ली** । पश्चिम एशिया में जारी जंग आज अपने सातवें दिन में प्रवेश कर गई है। जहां एक



ओर मिसाइलों और ड्रोन के हमलों से समूचा क्षेत्र दहक रहा है वहीं दूसरी ओर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जेलेंस्की के मुताबिक ईरान के खतरनाक शाहेद ड्रोन से निपटने के लिए अमेरिका सहित खाड़ी के कई देश अब यूक्रेन के अनुभव और तकनीक का सहारा लेना चाहते हैं। रूस पिछले चार सालों से यूक्रेन पर ईरानी मूल के शाहेद ड्रोन से हमले कर रहा है। इन हमलों को झेलते-झेलते यूक्रेन ने एक ऐसी किफायती तकनीक विकसित कर ली है जिसने दुनिया के बड़े रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। यूक्रेन ने मात्र 1,000 डॉलर की लागत वाले इंटरसेप्टर ड्रोन बनाए हैं जो दुश्मन के महंगे ड्रोन को ढूंढकर हवा में ही नष्ट कर देते हैं।

# युद्ध के बीच ईरान में मचा कोहराम

## 7 दिन में 1332 मौतें और 3000 घर हुए तबाह

नयी दिल्ली

ईरान और इजरायल, अमेरिका के बीच युद्ध को आज सात दिन चुके हैं। इस युद्ध को लेकर खबर सामने आई है कि ईरान में मरने वालों की संख्या 1332 हो गई है, जबकि 3,000 से ज्यादा घर तबाह हुए हैं।

### तेहरान में कयामत की रात आवासीय इलाकों पर बमबारी

शुक्रवार की रात ईरान की राजधानी तेहरान के लिए किसी दु:स्वप्न से कम नहीं थी। शहर के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में धमाकों की गूँज इतनी तेज थी कि मीलों दूर तक धरती कांप उठी। विशेष रूप से तेहरान विश्वविद्यालय और आसपास के रिहायशी इलाकों को भारी नुकसान पहुँचा है। शिराज के जीबाशहर में हुए एक हमले ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं, जहाँ एक ही झटके में 20 लोगों की जान चली गई। इसके अलावा इस्फ़हान और करमनशाह जैसे शहर भी आग की लपटों में घिरे हुए हैं। ईरान और इजरायल, अमेरिका के बीच युद्ध को आज सात दिन चुके हैं। इस युद्ध को लेकर खबर सामने आई है कि ईरान में मरने वालों की संख्या 1332 हो गई है, जबकि 3,000 से ज्यादा घर तबाह हुए हैं। खबर अभी अपडेट की जा रही है।



अमेरिकी और इजरायली सेना ने अब ईरान के सत्ता ढांचे और उसकी मिसाइल क्षमता को जड़ से खत्म करने के लिए फेज-2 शुरू कर दिया है। अमेरिकी द्वारा बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स के जरिए जमीन के अंदर गहराई में छिपे मिसाइल लॉन्चर्स को नष्ट करने के लिए 2,000 पाउंड के पेनिट्रेटर बम गिराए जा रहे हैं। वहीं इजरायल ने आधुनिक रक्षा प्रणालियों और 6 प्रमुख लॉन्चर्स को तबाह करने का दावा किया है। भविष्य को लेकर अमेरिकी रक्षा सचिव ने साफ किया है कि यह तो बस शुरुआत है,आने वाले दिनों में फाइटर स्क्वाड्रन और बॉम्बर पल्स की संख्या में भारी इजाफा किया जाएगा।

### बच्चों की मौत से दहली दुनिया

ईरान में हताहतों के आंकड़े रूह कंपा देने वाले हैं। अब तक 1,332 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 181 मासूम बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, मीनाब में एक गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले ने सबसे ज्यादा जख्म दिए हैं। पूरे ईरान में अब तक 3,000 से अधिक घर और 14 अस्पताल मलबे में तब्दील हो चुके हैं। वहीं, इजरायल में भी 11 मौतें दर्ज की गई हैं और सैंकड़ों लोग अस्पतालों में भर्ती हैं।

### बहरीन पर हमला

जंग की आग अब पड़ोसी देशों तक फैल गई है। बहरीन ने दावा किया है कि उसने अपनी सीमा में घुस रहे ईरान के 78 मिसाइलों और 143 ड्रोन्स को मार गिराया है। बहरीन ने इसे ईरान का च्विश्वासघातीज्ञ कृत्य बताया है, जिससे खाड़ी देशों में तनाव चरम पर है।

### जमीनी जंग की संभावना और वॉर क्राइम का साया

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलहाल जमीनी सेना भेजने से इनकार किया है। उनका मानना है कि ईरान अपनी नौसेना और ताकत खो चुका है, इसलिए पैदल सेना भेजना समय की बर्बादी होगी। हालांकि, ईरान ने पलटवार करते हुए इसे अमेरिका के लिए ऐतिहासिक आपदा करार दिया है। इस बीच, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट ने सनसनी फैला दी है। अमेरिकी सैन्य जांचकर्ताओं को संदेह है कि मीनाब के स्कूल पर हुआ घातक हमला अमेरिकी बलों की गलती हो सकती है। यदि यह सच साबित होता है, तो इसे आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े युद्ध अपराध के तौर पर देखा जाएगा।

## ये बिहार के इतिहास का सबसे बड़ा अपहरण!

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये बिहार के इतिहास का सबसे बड़ा अपहरण! ये दिखने में राजनीतिक अपहरण है, लेकिन दरअसल ये बिहार का आर्थिक अपहरण है। भाजपा ने तो फिरौती में पूरा बिहार मांग लिया। उन्होंने बिना नाम लिए ही यूपी की तरफ भी इशारा करते हुए कहा कि अगला नंबरज् समझदार को इशारा काफ़ी। आप को बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद पार्टी के भीतर बेचैनी और असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। कई कार्यकर्ताओं ने उनसे अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की है। कार्यकर्ता हाथ में

**नीतीश के राज्यसभा जाने पर अखिलेश का बीजेपी पर तीखा हमला**



तख्ती लेकर नीतीश कुमार से अपने फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर रहे हैं। एक कार्यकर्ता ने कहा, मुझे किसी साजिश की जानकारी नहीं है जिसकी वजह से इतना बड़ा फैसला लिया गया हो। लेकिन मैं यहां अपने नेता के बिहार छोड़ने के फैसले पर अपनी पीड़ा जताने आया हूं। हमें अनाथ जैसा महसूस हो रहा है। राज्य उनका ऋणी है और उन्हें हमें इस तरह बीच मझधार में नहीं छोड़ना चाहिए। जदयू के प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार ने पार्टी में चल रही हलचल पर कहा कि कार्यकर्ताओं का व्यथित होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, अपनी पीड़ा में वे कई तरह की बातें कह रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि नीतीश कुमार ऐसे नेता हैं जिन्हें किसी भी प्रकार के दबाव में निर्णय लेने के लिए मजबूर किया जा सकता है। हालांकि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को कार्यकर्ताओं की नाराजगी को शांत करना चाहिए। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने जदयू कार्यकर्ताओं के एक वर्ग द्वारा लगाए गए आरोपों पर टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने जो निर्णय लिया है, उसका हम सम्मान करते हैं। राज्यसभा के लिए उनके निर्वाचित होने के बाद बनने वाली नई सरकार का स्वरूप क्या होगा, यह फैसला शीर्ष नेतृत्व ही करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। इस बीच, जदयू के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर देर शाम विधायक दल की बैठक बुलाई गई है, जिसमें हालिया घटनाक्रम पर चर्चा के साथ पार्टी में नीतीश कुमार के पुत्र निशांत को दी जाने वाली भूमिका पर भी फैसला लिया जा सकता है।

## किसानों का जोखिम कम करने, आय बढ़ाने के लिए किये गये पहल के दिख रहे हैं परिणाम : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने किसानों का जोखिम कम करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए जो पहल किये हैं उनके परिणाम दिख रहे हैं। श्री मोदी ने बजट के पश्चात राष्ट्रीय वेबीनार की श्रृंखला में शुक्रवार को तीसरी वेबीनार का उद्घाटन करते हुए कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान



निधि मिली है। दिन भर के इस वेबीनार का विषय कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है। किसानों को अब तीन चौथाई कर्ज संस्थागत क्षेत्र से मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, संस्थागत क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों के समाधान किए गए हैं। श्री मोदी ने कहा, ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का जोखिम बहुत कम हुआ है और उन्हें एक बुनियादी आर्थिक सुरक्षा मिली है।

## वायु सेना के सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत

नयी दिल्ली (वार्ता)




वायु सेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटो की मौत हो गई है। वायु सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटो स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गयी है। प्रवक्ता ने कहा कि वायु सेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना जोरहाट से 60 किलोमीटर दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायु सेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायु सेना ने गुरुवार देर रात बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं पर आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ था।

## नेपाल में बालेन के पक्ष में चल रही आंधी

काठमांडू, (वार्ता)

नेपाल में पूर्व उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने और जेन जी आंदोलन से चर्चित हुए बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) भारी बहुमत की तरफ बढ़ती दिख रही है। नेपाल चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार जिन 165 सीटों पर चुनाव हुए हैं उनमें से अब तक 150 संसदीय क्षेत्र के नतीजे एवं रुझान सामने आये हैं, इनमें से आरएसपी 106 सीटों पर वह आगे चल रही है और दो सीटें जीत चुकी है। नेपाली कांग्रेस पार्टी 9 सीटों पर आगे चल रही है और दो सीट जीत चुकी है। इसके अलावा नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) 10 सीटों पर आगे चल रही है जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी 7 सीटों पर आगे चल रही है और एक सीट जीत चुकी है। झापा-5 सीट से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से आमने-सामने की लड़ाई में आरएसपी नेता श्री बालेन बाजी मारते दिख रहे हैं। उन्होंने सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली पर करीब छह हजार की बढ़त बना रखी है। शाम छह बजे तक श्री बालेन को 10190 वोट मिले थे, जबकि श्री ओली को 4,087 वोट मिले थे। श्री बालेन ने जनवरी 2026 में काठमांडु के महापौर पद से इस्तीफा देकर श्री ओली के खिलाफ मोर्चा खोला था। नेपाल में किसी को भी चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा देना होता है और कोई भी व्यक्ति दो जगह से चुनाव नहीं लड़ सकता है।



आरएसपी नेता रवि लामिछाने चितवन-2 से 10,000 से अधिक वोटों की विशाल बढ़त के साथ जीत के करीब हैं। वहीं नेपाली कांग्रेस के नेता में गगन थापा सर्लाही-4 से फिलहाल दूसरे स्थान पर हैं। वहां आरएसपी उम्मीदवार अमरेश कुमार सिंह ने शुरुआती बढ़त बना रखी है। रौतहट-1 सीट से पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेता माधव कुमार नेपाल पांचवें स्थान पर खिसक गये हैं, यहां भी आरएसपी पहले स्थान पर है। गौरतलब है कि सितंबर में हुए जेन-जी आंदोलन के बाद संसद के निचले सदन के सदस्यों के चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में वैसे तो कुल 275 सीटें होती हैं, लेकिन प्रत्यक्ष चुनाव सिर्फ 165 सीटों के लिए होता है। प्रत्यक्ष चुनाव को फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम कहते हैं।

# मोदी की समझौतावादी नीतियों के कारण कमजोर हुई विदेश नीति: खड़गे-राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अमेरिकी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने फैसले हमेशा खुद लिए हैं लेकिन इधर जिस तरह से अमेरिका के इशारों पर काम हो रहा है उससे लगता है कि हम अपनी कूटनीतिक की गौरवशाली परंपरा को खो रहे हैं। श्री खड़गे ने कहा भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय संप्रभुता गंभीर खतरे में है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एपस्टीन फाइल्स और अडानी केस को लेकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। रूस से तेल खरीदने की अनुमति देने की अमेरिकी घोषणा, जो कि 30 दिनों की छूट है, स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्वतंत्रता खो रही है। इस तरह की भाषा प्रतिबंधित देशों के लिए इस्तेमाल की जाती है, न कि भारत के लिए, जो वैश्विक व्यवस्था में एक जिम्मेदार और समान भागीदार रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सबसे पहले पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई



रोकने की घोषणा श्री मोदी के मित्र श्री ट्रम्प ने की, हमने नहीं। उन्होंने कम से कम 100 बार दावा किया है कि सैन्य कार्रवाई उनके कहने पर रोकी गई, प्रधानमंत्री इस पर चुप रहे। उन्होंने भारत को ईरानी तेल न खरीदने के लिए कहा। भारत सरकार मान गई। श्री ट्रम्प ने हमें रूसी तेल न खरीदने के लिए कहा और भारत सरकार ने आयात कम कर दिया। ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा इस शर्त पर आधारित है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा और श्री मोदी ने इस पर मुहर लगा दी। अब, अमेरिका ने भारत को अस्थायी 30 दिन की छूटदी है और भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति दे दी है। व्यापार से लेकर तेल तक, आंकड़ों से लेकर मित्र देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों तक, मोदी जी ने सब कुछ त्याग दिया। श्री खड़गे ने कहा भारत का अपने भाग्य का निर्धारण स्वयं करने का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह अब तक बेदाग रहा है। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक- श्री मोदी को छोड़कर किसी भी प्रधानमंत्री ने किसी देश के दबाव में आकर भारत को वस्तुत: एक जागीरदार राज्य नहीं बनाया। मैं देश नहीं झुकने दूंगा चुनाव जीतने के लिए सिर्फ एक नारा था और 140 करोड़ भारतीय विश्वासघात का शिकार हुए हैं। श्री गांधी ने कहा भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से उत्पन्न होती है। यह हमारे इतिहास, हमारी भौगोलिक स्थिति और सत्य एवं अहिंसा पर आधारित हमारी आध्यात्मिक विचारधारा में निहित होनी चाहिए। आज जो कुछ हम देख रहे हैं, वह कोई नीति नहीं है; बल्कि एक समझौतावादी व्यक्ति के हो रहे शोषण का नतीजा है।



## लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

थाना अमलाई पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। न्यायाधीश शोभमना गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बुढार के प्रकरण क्रमांक 724/2019, अपराध क्रमांक 328/2018 धारा 296, 323, 506 ता.हि. तथा न्यायाधीश आकांक्षा टेकाम, अपर न्यायाधीश सिविल जज बुढार, के आर.सी.टी. क्रमांक 601/2020 धारा 324 ता.हि. के प्रकरण में आरोपी राजेश उर्फ छोटू लोनिया पिता स्व. रामाधार लोनिया उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06/09 उसलापुर थाना अमलाई, के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। उक्त आरोपी वर्ष 2018 से लगातार फरार चल रहा था, जिसकी थाना अमलाई पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना अमलाई पुलिस द्वारा आरोपी की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# समाजसेवी के नेतृत्व में नशा मुक्ति संदेश लेकर शहडोल पहुँचे पदयात्री पल्लव देव, युवाओं ने किया भव्य स्वागत'

### असम के श्रीभूमि से शुरू की देशव्यापी पैदल यात्रा, नशा छोड़ो, जीवन चुनो का दे रहे संदेश

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

नशा मुक्त भारत का संदेश लेकर देशभर में पैदल यात्रा कर रहे प्रेरणादायक वक्ता पल्लव देव का शुक्रवार को शहडोल की पावन धरती पर आगमन हुआ। उनके शहडोल पहुँचते ही शहर में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। समाजसेवी एवं पार्षद सिल्लू रजक के नेतृत्व में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पल्लव देव असम के श्रीभूमि से पूरे भारत में संदेश लेकर पदयात्रा कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा 5 मई 2025 से प्रारंभ हुई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर कर स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है। उनके स्वागत के दौरान



युवाओं और समाजसेवियों ने नशा मुक्ति के इस अभियान की सराहना करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विकास जोतवानी, मुकेश द्विवेदी, शुभम सोंधिया, अजय मोटवानी, महेंद्र मोटवानी (गुड्डू) सुबोध सिंह, साहिल, महेश सेनापति, अमन यादव, भगवान जोतवानी, दीपक, निर्मल और मुन्ना सिंह सहित कई युवाओं ने उनका स्वागत किया। पल्लव देव ने कहा कि देश का युवा यदि नशे की गिरफ्त में फंस जाता है तो उसका भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

इसलिए समाज के सभी लोगों को मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसे नशे में बर्बाद करने के बजाय अच्छे कार्यों और समाज सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनकी यह पदयात्रा देश के प्रमुख ज्योतिर्लिंग, धाम, राम मंदिर, शक्ति पीठ, अमरनाथ और ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचेगी। खास बात यह है कि वे यह पूरी यात्रा बिना पैसे के कर रहे हैं, ताकि समाज को सेवा, त्याग और जागरूकता का संदेश दिया जा सके।

पल्लव देव की इस प्रेरणादायक यात्रा ने युवाओं और नागरिकों के दिलों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया। लोगों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनका यह अभियान देश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।



## चाकूबाजी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले के ब्यौहारी थाना पुलिस द्वारा चाकूबाजी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। थाना ब्यौहारी में दर्ज अपराध अंतर्गत धारा 296, 110, 351(2) बी.एन.एस. के प्रकरण में आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर सूचना एवं पुलिस टीम द्वारा की गई घेराबंदी के आधार पर लगभग 06 माह से फरार आरोपी सूरज द्विवेदी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सूरज द्विवेदी ग्राम साखी, थाना ब्यौहारी, जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही मारपीट एवं चोरी जैसे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भड़काऊ संदेश वायरल करने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर भी पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

# राज्यमंत्री लोधी द्वारा 48वां जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाया



दमोह (स्वतंत्र मत)।

नोहटा में अपने निवास पर परिवार सहित प्रबुद्धजनों के बीच संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा अपने 48वां जन्मदिन पर 49 बड़े दीपक प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र की आहुतियों समर्पित करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर दीपयज्ञ का संचालन करते हुए जिला समन्वयक बीपी गर्ग द्वारा बतलाया गया कि हमारी संस्कृति दीपक की लौ की तरह ऊंचा उठना और अंधकार दूर करना सिखाती है। दीपक का बुझाना अशुभ माना जाता है। एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आध्यात्मिक प्रगति जानने के लिए उसका जन्मदिन एक सर्वश्रेष्ठ दिन होता है। जिस प्रकार सरकारी साल वित्तवर्ष पर सरकारी विभाग अपनी आय व्यय का लेखा 31 मार्च को देखते है, व्यापारी पहले दीपावली पर अपने बही खातों से अपनी प्रगति का अवलोकन करते है, उसी प्रकार हमें भी अपने जन्मदिन पर यह आकलन करना चाहिए कि पिछले एक वर्ष में हमसे क्या बुरा हुआ और क्या अच्छा हुआ और आने वाले वर्ष में अच्छे कार्यों की मात्रा बढ़ाने का संकल्प लेना ही जन्मदिन मनाने का वास्तविक अर्थ है। पूरे परिसर में 1100 दीपक जला कर उपस्थित परिवारजनों, परिजनों ने द्वीपयज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई।

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैंने वर्ष 1995 में जबलपुर अश्वमेध यज्ञ में गायत्री मंत्र की दीक्षा ली और तभी से दीक्षा के नियमों का यथा संभव पालन करता आ रहा हूं।

## रेडक्रास सोसायटी की समीक्षा बैठक आज

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ. श्माम सिंह कुमरे आई.ए.एस. से.नि. द्वारा 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला रेडक्रास सोसायटी शहडोल की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला रेडक्रॉस के समिति के गठन निर्वाचन पर चर्चा, जिला रेडक्रास के द्वारा कितने सदस्य बनाये गये हैं, की जानकारी, जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि की प्रगति की रिपोर्ट, विकास खण्डों में खोले जाने वाले जन औषधि केन्द्रों की कार्यवाही, स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस के गठन पर चर्चा एवं अंशदान सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

## दमोह में मदिरा दुकानों के लिए ई.टेंडर प्रक्रिया 6 से 7 मार्च तक

दमोह (स्वतंत्र मत)।

आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन संबंधी जारी निर्देशों एवं 20 फरवरी को प्रकाशित मध्यप्रदेश शासन राजपत्र के अनुक्रम में प्रथम चरण बैच 3 के अंतर्गत मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस चरण में शामिल कुल 5 मदिरा समूहों की दुकानों का निष्पादन ई टेंडर तथा ई टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ई टेंडर एवं ई टेंडर कम ऑक्शन के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड करने और ऑफर सबमिट करने की प्रक्रिया 6 मार्च को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर 7 मार्च को दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया वूमेन्स वीक का आयोजन



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया वूमेन्स वीक 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा के मार्गदर्शन में डॉ. गजेन्द्र नामदेव एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं उद्घाटन उद्बोधन दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओपी पथरिया थाना सुश्री प्रिया सिंधी द्वारा सेफ्टी अवेयरनेस, प्रमुख हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को अपने उद्बोधन में दी। महाविद्यालय की छात्रा कु. गीता पटेल द्वारा सेल्फ डिफेन्स डेमोस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। एडव्होकेट जितेन्द्र कुमार दुबे द्वारा महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की।

योग प्रशिक्षक सुदेश चैरसिया द्वारा योग के प्रमुख क्रियाओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। विजय कुमार तिवारी द्वारा योग विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके साथ-साथ 15 दिवसीय योग एवं आत्मरक्षा शिविर का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा क्रीड़ा अधिकारी सत्यनारायण लड़िया द्वारा प्रस्तुत की गई एवं संचालन डॉ. हरीओम सोनी द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. खुदैजा परवीन अंसारी द्वारा व्यक्त किया गया।



## शिलापरी के जंगलों में पानी की तलाश में भटक रहे साभर हिरण

हटा (स्वतंत्र मत)।

नगर के समीप स्थित शिलापरी के जंगलों में इन दिनों सुबह.सुबह जंगली जानवरों की गतिविधि बढ़ गई है। खासकर साभर सींग वाले हिरण पानी की तलाश में जंगल के अलग-अलग हिस्सों में घूमते हुए देखे जा रहे हैं। गर्मी का असर बढ़ने के साथ जंगल के कई छोटे जलस्त्रोत कम होने लगे हैं जिसके कारण वन्यजीवों को पानी की तलाश में ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही है। सुबह के समय कई बार साभर हिरण जंगल के रास्तों और खुले इलाकों में भी दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से शिलापरी क्षेत्र में हिरणों की आवाजाही बढ़ी है। वन्य जीवों के इस तरह खुले में आने से लोगों में उत्सुकता तो है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे समय में जानवरों से दूरी बनाए रखना और उन्हें किसी प्रकार से परेशान न करना ही सुरक्षित रहता है।

# लाल रंग डारो गुलाबी रंग डारो और रंग डालो केसरिया

### मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मनाई होली, दिया भाईचारे और एकता का संदेश



सागर।

लाल रंग डारो गुलाबी रंग डरो और रंग डालो केसरिया ओ बंसी वाले सांवरिया बुंदेली गीत गाकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत खूब थिरके रंगों के पावन पर्व होली पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नागरिकों के साथ हर्षोल्लास से होली मनाई। इस अवसर पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में उत्साह, उमंग और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। गीत संगीत लोक नृत्य के साथ परंपरा के रंगों में रंगीन होली मनाई गई। मंत्री श्री राजपूत ने जनसमुदाय के साथ गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि समाज में एकता, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हुए विकास के मार्ग पर आगे बढ़ें। समारोह में पारंपरिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री राजपूत का स्वागत किया और एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश और क्षेत्र के विकास में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को मिलकर जनसेवा और विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से होली की बधाई देते हुए आपसी एकता और सहयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने सभी होली की शुभकामनाएं दी। तो वहीं आकाश सिंह राजपूत ने होली मिलन समारोह में सुरखी विधानसभा सहित जिले भर से आए सभी अतिथियों, क्षेत्र वासियों का रंग गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि यह होली का त्यौहार सभी के जीवन में खुशी और संपन्नता के रंग भरे ताकि हमारे क्षेत्र में सभी लोग खुश एवं प्रसन्न रहे। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि, सुरखी विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रवासी एवं जिले भर से हजारों की संख्या में लोग होली मिलन समारोह में शामिल हुए।



## हटा थाना क्षेत्र के बनगांव में नाली में पड़ा नवजात का भ्रूण

हटा (स्वतंत्र मत)।

हटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनगांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गांव की पुलिया के पास नाली में एक नवजात का भ्रूण पड़ा मिला। सुबह जब ग्रामीणों की नजर नाले में पड़ी संदिग्ध वस्तु पा गई तो पास जाकर देखने पर वह नवजात का भ्रूण निकला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना हटा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को नाले से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि किसी ने नवजात के भ्रूण को जन्म के बाद नाले में फेंक दिया होगा। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

# समयबद्ध योजना बनाकर शहर के विकास को दी जाएगी नई दिशा : राज्यमंत्री पटेल

### शहर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

दमोह (स्वतंत्र मत)।

शहर में रीडेंसीफिकेशन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रकरण हैं, इनमें पशुपालन विभाग की भूमि और पुराने मागंज स्कूल परिसर के बेहतर उपयोग को लेकर विशेष रूप से योजना बनाने पर जोर दिया जायेगा। मागंज स्कूल, जो काफी पुराना हो चुका है, वहां क्या और बेहतर किया जा सकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया गया। इस आशय की बात पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया मौजूद रहे।



राज्यमंत्री ने कहा पशुपालन विभाग की जमीन के समुचित उपयोग को लेकर भी रणनीति तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। निरीक्षण के समय नगरपालिका के सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। शहर के समग्र विकास, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और आवश्यक परियोजनाओं के लिए वित्तीय व्यवस्था कैसे सुनिश्चित की जाए, इस पर भी विस्तार से चर्चा कर सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें।

राज्यमंत्री ने कहा महिला बसति गृह सहित 7-8 अन्य स्थानों के विकास और उन्नयन को लेकर भी मंथन किया गया। इन सभी स्थानों को बेहतर सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाये और उसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। आयोजित बैठक के दौरान विधायक जयंत मलैया ने शहर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## विश्व श्रवण दिवस में 82 मरीजों की हुई जांच

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल दमोह में नि:शुल्क श्रवण जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. सुधीर आर्य ने बताया कि शिविर में 37 कम सुनाई देने की समस्या वाले, 14 कान की सफाई कराने, 6 कान का पर्दा फटा होने 3 जन्मजात गूगे बेहरे बच्चे, 10 कान के बहने वाले बच्चों, 9 अन्य समस्या को लेकर जांच कराने जिला अस्पताल पहुचे। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल व संदीप पटैल ऑडियोलाजिस्ट व डीईआईसी स्टाफ का सहयोग रहा।

## बैठक का आयोजन 9 को

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा दोनों बैठकों का आयोजन 9 मार्च को क्रमश: अपरान्ह 5 बजेए 06 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जा रहा है। बैठक में सभी संबंधितों को समय सीमा में उपस्थिति के लिए कहा गया है।

# मुख्यमंत्री का 11 मार्च को हटा आगमन प्रस्तावित

### मुख्यमंत्री होंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल, प्रशासन ने लिया जायजा

दमोह (स्वतंत्र मत)।

हटा विधानसभा क्षेत्र में 11 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम के लिये विभिन्न सथलों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद पंचायत सभाकक्ष हटा में अधिकारियों के साथ एक बैठक लेकर समीक्षा की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष हटा गंगाराम पटैल, लालचंद खटीक, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल एसपी सुजीत कुमार भदौरिया, एसडीएम राकेश मरकाम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापतिए एसडीओपी हटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। समीक्षा बैठक में हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा यह हर्ष की बात है कि 11 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हटा विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री क्षेत्र की विभिन्न उपलब्धियों और स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। उन्होंने कहा साथ ही यह भी संभव है कि हटा से ही लाड़ली बहना योजना से जुड़ा कार्यक्रम



भी हो सकता हैं।

कलेक्टर कोचर ने कहा मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए विधायक उमादेवी खटीक के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी और अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न संभावित स्थलों का निरीक्षण किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की प्लानिंग के अनुसार आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि करीब 4 से 5 स्थानों का निरीक्षण किया गया है और उच्च स्तर पर चर्चा के बाद अंतिम स्थल तय किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा हटा में आयोजित समीक्षा बैठक में 11 मार्च को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर संभावित वेन्यू और हेलीपैड स्थलों पर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। कुछ बिंदुओं को आगे और स्पष्ट कर अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था प्रोटोकॉल के अनुसार लगाई जाएगी। यदि कार्यक्रम महिला सम्मेलन के रूप में आयोजित होता है तो महिला बल और महिला अधिकारियों की संख्या भी अधिक रखी जाएगी। जैसे-जैसे कार्यक्रम की रूपरेखा स्पष्ट होगी उसी अनुसार पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# झोलाछाप डॉक्टरों की गिरफ्त में सिहोरा के दर्जनों गांव

## चंगुल में फसकर जान दांव पर लगा रहे आमजन, जिम्मेदान मौन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)




जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली लगभग 60 ग्राम पंचायत के गांवो में इस समय झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक बेधडक संचालित हो रहे हैं। नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए यह झोलाछाप डॉक्टर मरीजो का इलाज कर रहे हैं और मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। बिना डिग्री डिप्लोमा व मेडिकल शिक्षा प्रशिक्षण के बगैर उनके द्वारा गांव-गांव गली गली धडल्ले से शानदार क्लिनिक बनाकर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। आपकों बता दें की जहां एक और पूर्व में मध्य प्रदेश शासन के द्वारा झोलाछा डॉक्टर के ऊपर कड़ी कार्यवाही का निर्देश जिला प्रशासन व पुलिस विभाग को दिया गया था परंतु निर्देश के परिपालन में कार्यवाही शून्यवत रही जवाबदारों की अनदेखी व सांठ गांठ के चलते गोसलपुर कछपुरा हिरदेनगर जुझारी देवनगर गांधीग्राम झांसी खजुरी धरमपुरा बरनू तिराहा पौंडी गांव मे निजी फायदा कमाने के चक्कर मे गली गली ग्लो साईन बोर्ड लगाकर ये अलग अलग पद्धति से इलाज कर रहे है। मरीज को चैक कर इंजेक्शन के साथ स्वयं के दवाखाने से दवाइयों का भी कारोबार करते है।

### कई बार की जा चुकी शिकायतें

इस संबंध में अनेकों बार प्रबुद्धजनों द्वारा व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा प्रशासन को झूलाछाप डाक्टरो के ऊपर कार्यवाही की मांग की गई परंतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से गांव-गांव मे अंगद की तरह पैर जमाये इन झोलाछाप डाक्टरों को सूचीबद्ध तक नही किया गया। जिससे इनके क्लीनिक फल फूल रहे हैं इनके द्वारा प्रतिबंधित दवाइयां भी दी जाती हैं बिना जांच पड़ताल के इंजेक्शन व बाटल लगाना बेवजह अनेक प्रकार की दवाइयां का थैला थमा दिया जाता है और बदले में मरीज से मोटी रकम वसूल की जाती है। डाक्टर बिना डिग्री के नाक, कना, गला, दांत बवासीर, भगंदर, कमर दर्द, लकवा, टीवी दमा मिर्गी डायबिटीज नेत्र रोग केअपने आपको विशेषज्ञ बताते है । ग्रामीण मजबूरी में स्वास्थ्य चिकित्सा पाने के लिए इन झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में आमजन फंस जाता है। अनेकों बार इन छोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के कारण लोगों की जान भी जा चुकी है इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग बेपरवाह बना हुआ है लोगों ने इस संबंध में जिला प्रशासन के मुखिया से कार्यवाही की मांग की है

### इन्होंने कहा

गत वर्ष आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव गांव क्लीनिक चला रहे झोलाछाप चिकित्सको को नोटिस जारी कर उनकी डिग्रियां मंगाई गई थी। अभी मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई, फिर भी मैं जांच करवाकर उचित कार्यवाही करूंगी।

**डॉ.अर्शिया खान, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सिहोरा**




# फूलों की होली खेलकर नन्हे-मुन्ने छात्रों ने मनाया होली का पर्व

## पाटन स्थित तान्या कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में हुए विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर स्थित तान्या कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पाटन में होली पर्व के पावन अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों और विद्यालय परिवार ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और उल्लास का अद्भुत संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे पुष्पों की सुगंध और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य चरण सिंह ने बच्चों के साथ फूलों की होली खेली तथा सभी ने एक-दूसरे को अबीर का तिलक लगाकर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। नन्हे बच्चों ने भी बड़े उत्साह और आनंद के साथ इस परंपरा में भाग लिया, जिससे विद्यालय का वातावरण पूर्णतः उत्सवमय हो गया।

**शिक्षकों, स्टाफ ने लिया आयोजन में हिस्सा-** इस अवसर पर प्राचार्य चरण सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने और सुरक्षित तथा पर्यावरण-अनुकूल तरीके से त्यौहार मनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। फूलों की होली के इस अनोखे आयोजन ने बच्चों के मन में आनंद, अपनत्व और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर बच्चों के साथ ही शिक्षक गण उपस्थित रहे ।

### असम चुनाव में भाजपा मप्र दल के प्रभारी बने विनोद गोटियां



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पर्यटन निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोंटिया को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मध्यप्रदेश चुनाव दल का प्रभारी बनाया गया है। श्री गोंटिया भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा घोषित चुनाव प्रचार दल के प्रभारी के रूप में असम चुनाव में जाने वाले मंत्री, सांसद, विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्षों के प्रवास की व्यवस्था संभालेंगे।

### दिलीप कुंभोजकर राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाराष्ट्र के बाहर बसे मराठी भाषियों की राष्ट्रीय संस्था बृहन महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर जबलपुर के दिलीप कुमभोजकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उल्लेखनीय है कि इससे देशभर की करीबन 350 संस्थाये संलग्न है। कार्यकारणी के चुनाव हेतु कोलकता, दिल्ली, चेन्नई, वाराणसी, बंगलोर इत्यादि से प्रतिनिधि उपस्थित थे। ये चुनाव प्रदेश के देवास में संपन्न हुआ। जिसमें सुश्री मंजुषा देशमुख भी क्षेत्रीय सचिव (महाकौशल )पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की ओपन यूनिट एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग इकाई के सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर, सामुदायिक भवन भेड़ाघाट जबलपुर में चल रहा है जिसमें शिविर के षष्टम दिवस पर स्वयंसेवकों ने रक्तदान करते हुए आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर निदेशक डॉ. देवांशु गौतम ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जिसमे बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांग जंग कल्याण, सिकल सेल एनीमिया व थैलेसीमिया इत्यादि विषयों पर जागरूकता रैली, श्रमदान व बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# होली मिलन समारोह में एकत्रित हुए रिटायर्ड प्रोफेसर्स



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से रिटायर्ड डॉ नरेंद्र सेठ, डॉ कुंज बिहारी तिवारी, प्रो. रवीन्द्र मक्कड़, प्रो. दिलीप निलाटकार, प्रो. रमेश तिवारी, डॉ. बी एम खंडेलवाल, प्रो. शरद जैन प्रो. अजीत कुमार पटेल ने विजय नगर के कॉफी हाउस में एकत्रित होकर रंगोत्सव होली के पावन अवसर पर स्नेहपूर्ण होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आपसी सद्भाव, भाईचारे और पुराने शैक्षणिक दिनों की मधुर यादों को ताझा किया गया। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस आत्मिक होली मिलन के दौरान प्रो.रवींद्र मक्कड़ ने कहा कि हम 70 से 76 वर्ष की आयु पार कर आगे की जीवन यात्रा कर सुखद और समृद्ध समाज सेवा में समर्पित है। सभी ने मंगलभाव प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे मिलन कार्यक्रम आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत करते हैं एवं जीवन में सकारात्मकता के सद्भाव लाते हैं, इस भाव से हंसी-खुशी के साथ उत्सव होली मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे के स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए प्रो. दिलीप निलाटकार ने आत्मीय आभार प्रकट किया।

# जहर का सेवन कर युवक ने की आत्महत्या

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हनुमानताल थाने में राजकुमारी नामदेव उम्र 50 वर्ष निवासी झिन्ना मोहल्ला तिवारी आटा चक्की के पास हनुमानताल ने सूचना देकर बताया कि वह घर में काम कर रही थी। उसका भतीजा आयुष उर्फ नीलेश नामदेव अपनी मोटरसाइकिल उसे घर आया और घर के अंदर आकर गिर गया वह नीलेश के पास आकर देखी मुंह से झाग निकल रहा था। बेहोशी हालत में हो रहा था कुछ बोल नहीं पा रहा था, उसी समय नीलेश का बड़ा भाई आकाश नामदेव भी आकर बताया कि मुझे नीलेश ने कुछ देर पहले फोन पर बताया कि मैने कुछ खा लिया और राजकुमारी बुआ के घर जा रहा हूं, तो आकाश उसके घर आ गया, नीलेश को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये, डाक्टर ने चैक कर उसके भतीजे आयुष उर्फ नीलेश नामदेव उम्र 25 वर्ष निनवासी टेमरभीटा थाना गोराबजार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। इसी प्रकार हनुमानताल थाने में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि अनिल कुमार उम्र 34 वर्ष निवासी सिंधी केम्प बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल को अत्याधिक शराब का सेवन करने के बाद पलंग से गिरने से प्राथमिक उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल से रेफर कर भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान उपचार के अनिल कुमार की मृत्यु हो गयी है।

# गुणवत्ता और समय सीमा पर पूरें करें निर्माण कार्य

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को बरगी हिल्स में राजस्व अधिकारियों के लिये बन रहे आवासों को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारियों से कहा कि आवास गुणवत्ता के साथ समय सीमा में बनना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने के लिये 4 सदस्यीय दल का गठन करें, जो 15-15 दिन के अंतर में गुणवत्ता की जांच करेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह, संयुक्त कलेक्टर रिषभ जैन, कार्यपालन यंत्री हाऊसिंग बोर्ड सुनील उपाध्याय मौजूद रहे।



# क्लस्टर डेवलपमेंट की संभावनाओं पर कलेक्टर ने की चर्चा




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत बैठक की गई। जिसमें एमएसई सीडीपी योजना के तहत जिले में क्लस्टर डेवलपमेंट की संभावनाओं को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग, ओडीओपी और डिफेंस एंसिलरी सेक्टर में क्लस्टर डेवलपमेंट की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डॉ आरपी सिंह, डिप्टी इकोनॉमिक एडवाइजर, एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार और राजेंद्र तोंडपुरकर, वाइस प्रेसिडेंट, लक्ष्मी मित्तल ग्रुप ने योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक अनिल कुमार राठौर, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत कुमार रजकए कृषि उपसंचालक सुशील निगम और अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

### कैंसर और थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने निकाली जाएगी रैली

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कैंसर और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीतो लेडीज़ विंग द्वारा 8 मार्च को एक विशेष अवेयरनेस कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस कार रैली के माध्यम से लोगों को इन बीमारियों की जानकारी देने और समय रहते जांच व उपचार के प्रति प्रेरित किया जाएगा। आयोजक जीतो अध्यक्ष विनीता बड़कुल ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि हर जागरूक नागरिक इस सामाजिक अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाए। रैली में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं सभी से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया है। सचिव नीलिमा जैन ने बताया यह रैली 8 मार्च को प्रातः 6 बजे शहीद स्मारक, गोल बाजार (कॉफी हाउस के सामने वाले गेट) से प्रारंभ होगी बड़ा फुहारा होते हुए बस स्टैंड स्थित सिटी ऑप्शन्स पर समाप्त होगी। रैली में अधिक से अधिक लोगों से अपनी कारों के साथ शामिल होने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि जागरूकता का संदेश व्यापक रूप से फैल सके। रैली के समापन के बाद सिटी ऑप्शन्स में सभी प्रतिभागियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही कैंसर और थैलेसीमिया विषय पर दो विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लगभग 15-15 मिनट के ज्ञानवर्धक व्याख्यान भी दिए जाएंगे, जिनमें इन बीमारियों की पहचान, बचाव और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी।

# विश्व श्रवण दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एसडीएम शाहपुरा एमएस रघुवंशी के मार्गदर्शन में एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सीके अतरौलिया के निर्देशन में शुक्रवार को सीएचसी शाहपुरा में विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कान से संबंधित समस्याओं की निवारण एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी गई और मरीजों की समुचित उपचार दिया गया । आरबीएसके टीम शाहपुरा से डॉ अमित जैन, डॉ पम्मी भदोरिया, आरके एसके काउंसलर संतोष डहरिया, डॉ जितेंद्र सिंह, बीईई प्रिंस शुक्ला, एएनएम साधना शुक्ला, द्वारा कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 14 से 15 साल के बीच की उम्र की छात्राओं का गर्भाशय कैंसर के बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीनेशन के विषय में जानकारी दी गई एवं वैक्सीनेशन किया गया एवं कान नाक गले की जांच की गई जिसमें छात्रावास अधीक्षक आरती सिंह का विशेष योगदान रहा है।

# राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को नजूल पट्टा नवीनीकरण के मामले में सभी एसडीएम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बड़े बकायादारों पर फोकस करते हुए कहा कि शहर में स्थित सभी दुकानेंए होटल, बारातघर, विद्यालय और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों से तत्काल राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई भी बकायादार राजस्व जमा नहीं करताए तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में जोर देकर कहा कि मार्च माह में सभी लंबित राजस्व वसूली को अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में त्वरित सर्वेक्षण और नोटिस जारी कर राजस्व वसूली का अभियान चलाएं।

### जंगल में पड़ा मिला अज्ञात का शव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरगी थाने में राजाराम भूमिया उम्र 20 वर्ष निवासी बसंतनगर बरगी ने सूचना देकर बताया की शाम लगभग 5 बजे समशानघाट के पीछे तरफ से खेत जा रहा था। तभी जंगल तरफ से बदबू आ रही थी वह जंगल में जाकर देखा वहां एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था मे पड़ा था जो सड़ गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि 6-7 दिन पहले मृत्यु हुई होगी। चेहरा गाल जाने से पहचान में नही आ रहा था। अज्ञात मृतक की उम्र लगभग 30-35 वर्ष होगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक की पतासाजी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# जादू टोने के शक पर धड़ से सिर अलग कर की हत्या

## कुंडम थाने का मामला, आरोपियों की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




कुंडम थाने में विगत दिन रात नन्हेंलाल यादव उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बिसनपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि वह अपनी पालतू गाय एवं अन्य जानवारों को जंगल से चराकर घर वापस आ रहा था। जैसे ही अपने भाई भूरालाल यादव के घर के पास पहुंचा तो देखा कि उसके भाई भूरा यादव को जादू टोना करने के शक पर मधुशाह और पिट्टी यादव गाली गलोज करते हुये लाठी डंडे, कुल्हाड़ी से मारपीट कर रहे थे। वह एवं उसका बेटा सुरेश यादव आकर बीच बचाव किये तो दोनों लाठी डंडे से उसके एवं सुरेश के साथ मारपीट करने लगे। जिससे उसके सिर में पीछे तरफ, चेहरे में चोट आयी तथा बेटे सुरेश यादव को डंडे से मारपीट कर चोट पहुंचा दी तभी दोनों उसके भाई भूरा यादव के साथ मारपीट कर जान से मारने की कहते हुये भूरा यादव को साथ लेकर चले गये।

### शव से दूर पड़ा मिला सिर

वह डर के कारण अपने बेटे के साथ घर चला गया था। सुबह वह अपने भाई भूरा यादव के घर जाकर देखा लेकिन वह नहीं मिला। इसी बीच तलाशी के दौरान पुलिस को बरा पानी हार में एक व्यक्ति का शव पडे होने की सूचना मिली। जिस पर नन्हेलाल यादव ने बताया कि दोपहर बरापानी हार तीन गॉव, बिसनपुरा, बिलगांव एवं महेशपुर हार के पास उसके छोटे भाई भूरे लाल यादव का शव महेशपुरा में बिना सिर के कटा मिला, तलाश करने पर सिर बडी लाइन टावर के पास महेशपुरी हार में मिला। पिट्टी यादव एवं मधुशाह द्वारा कुल्हाडी से हमला कर उसके भाई भूरा यादव की गला काटकर हत्या कर दी गयी है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिना राधे न होरी होय.. और आज घरे ना जावै हो समधिन.. फ़ाग गीतों में जमकर थिरके नेता

उमरिया (स्वतंत्रमत)

रंगोत्सव के ऐतिहासिक और महान पर्व होली को लेकर जहां पूरा देश होली मना रहा था वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में गुरुवार 5 मार्च को होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सबसे पहले कार्यालय में सुंदरकांड का पाठ कराया गया। इसके बाद देशी फाग गीतों में भाजपा नेता और कार्यकर्ता जमकर थिरकते नजर आए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री दीपक छतवानी, राधेलाल कोल सहित अन्य तमाम भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं,बल्कि आपसी स्नेह, विश्वास, सहयोग और एकता का प्रतीक है। आज के दिन सभी लोग तमाम सारे गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की निरंतर बढ़ती ताकत और सफलता के पीछे आप सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। पार्टी का एक-एक ऊर्जावान कार्यकर्ता मजबूत नींव की तरह हैं जो निरंतर और निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को सशक्त बनाते हैं। भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह के दौरान भाजपा नेताओं ने जहां फाग गीतों की झड़ी लगा दी, वहीं कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फ़ाग गीतों की धुन पर जमकर थिरकते और झूमते नजर आए। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के फाग गीतो में.. बिना राधे ना होरी होय, नगर मा दइदे बोलउआ राधे का...। तो भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी ने गाया.. आज घरे ना जावै हो समधिन,परै-परै मुस्कावै हो समधिन आज घरे ना जावै..। पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी जमकर फाग गीत गाए उन्होंने गाया.. रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे.. और होली खेले रघुवीरा अवध में,होली खेले रघुवीरा..। इसके अलावा नेताओं ने कई धार्मिक भजन भी गाए।

भाजपा कार्यालय में मना होली मिलन



# उमरिया कालरी में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

उमरिया (स्वतंत्रमत)




शुक्रवार 6 मार्च को चपहा उमरिया कालरी में कर्मचारियों की नियमित जांच के तहत डायबिटिज रक्तचाप की जांच का शिविर चपहा डिस्पेशरी के मेडिकल सुपरिडेंट डॉ. संतोष कुमार व उनकी टीम द्वारा लगाया गया जहां कर्मचारियों की जांच अत्याधुनिक उपकरणों से की गयी। डॉ. संतोष कुमार ने इन जानलेवा रोग से बचाव रखने के लिये कहा कि खान-पान से संबंधित हिदायत ज्यादा मीठा, तली-भुनी और ज्यादा नमक वाली चीजें कम खाएं।रोज के खाने में हरी सब्जियां, सलाद, दाल और फल शामिल करें।ज्यादा तेल और घी का सेवन कम करें।पैकेट वाले फूड, कोल्ड ड्रिंक और ज्यादा मिठाई से बचें। रोजाना व्यायाम रोज 30 से 40 मिनट टहलना या हल्का व्यायाम करना चाहिए।ज्यादा देर तक एक जगह बैठकर काम न करें। वजन नियंत्रण शरीर का वजन संतुलित रखना जरूरी है।मोटापा बढ़ने से शुगर और ब्लड प्रेशर दोनों बढ़ने का खतरा रहता है।दवाइयों के बारे में जिन लोगों को पहले से मधुमेह या हाई बीपी है, उन्हें डॉक्टर की बताई दवाइयां नियमित समय पर लेना चाहिए।बिना डॉक्टर की सलाह के दवा बंद न करें।नियमित जांच हर 3से 6 महीने में शुगर और बीपी की जांच करवाते रहें। अचानक चक्कर, सिर दर्द, कमजोरी या धुंधला दिखे तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। नशे से बचाव तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और शराब से दूर रहने की सलाह दी जाती है।तनाव कम रखें ज्यादा तनाव, गुस्सा और चिंता से ब्लड प्रेशर बढ़ता है, इसलिए शांत और सकारात्मक बने रहें।खान प्रबंधक सी.पी. डोंगरे व खान सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि डॉ. संतोष कुमार जी ने जो कहा उसका पालन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिये आवश्यक है इसका पालन करें व नियमित पीएमई की जांच करवायें क्योंकि आप स्वस्थ्य रहेंगे तो पूरा परिवार स्वस्थ्य रहेगा और पूरी मेहनत ताकत से अपनी डयुटी कर सकेंगे।

# तालाब में मिला लापता युवक का शव

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम अखड़ार के तालाब में गुरुवार 5 मार्च को एक 19 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान झापी बिलासपुर निवासी जमुना कोल पिता पंजू कोल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक 2 मार्च की शाम करीब 8 बजे अपने दो दोस्तों के साथ घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने बिलासपुर पुलिस चौकी में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार 5 मार्च को दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे अखड़ार के तालाब में एक युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत चंदिया पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराई, जिसमें मृतक की पहचान जमुना कोल के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को चंदिया थाना लाया और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग थाना परिसर में एकत्र हो गए और मृतक की मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष इं. विजय कोल ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। वहीं एसडीओपी पी.एल. परस्ते ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की बात कही है।

# बिना सार्वजनिक सूचना के ही शराब दुकाने हुई आवंटित.!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा बिना सार्वजनिक सूचना (अखबार में जानकारी) दिए शराब टेंडरध्ठेका देने का मामला सामने आया है। ऐसे मामलों में पारदर्शी प्रक्रिया का उल्लंघन होता है, जिससे राजस्व का नुकसान हो सकता है। नियम के अनुसार, इस तरह की अनिमितता के बाद विभाग के आला अफसरों पर कार्रवाई की जाती है वही आरोप लग रहे हैं कि मनमाने तरीके से शराब दुकाने आवंटित की गई है और शासकीय नियमो का पालन नहीं किया गया है! सूत्रों ने बताया कि गुरुवार 5 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में शराब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की गई है लेकिन सार्वजनिक सूचना या विज्ञापन कहा और किस पेपर में छपा हैं इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है.! इस संबंध में जब जिला प्रभारी आबकारी अधिकारी




से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमने पेपर में छपने के लिए विज्ञापन दिया था और लीगल प्रोसीजर के तहत ही ई टेंडर की प्रक्रिया की गई है।

## पारदर्शिता की कमी

सामान्य नियमों के तहत शराब टेंडर के लिए ई-टेंडर और ई-ऑक्शन जैसी पारदर्शी प्रक्रिया अपनानी होती है, लेकिन बिना पेपर में विज्ञापन दिए यह प्रक्रिया संदेह के घेरे में आती है।

## राजस्व का नुकसान

बिना उचित नीलामी के ठेका देने से राज्य को भारी राजस्व का नुकसान हो सकता है इस तरह की अनियमितता के मामले सामने आने पर जिला आबकारी अधिकारी जैसे अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाती है ।

# एकतरफा प्रेम में छात्रा ने खाया कीटनाशक

**बालाघाट।** जिले के लालबर्रा नेवरगांव से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक स्कूली छात्रा ने कथित एकतरफा प्रेम के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी हालत बिगडने पर उसे जिला अस्पताल उपचार हेतू भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार छात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव की कक्षा 11वीं आर्ट्स की छात्रा है। बताया जा रहा है कि छात्रा अपने ही कक्षा के छात्र से एकतरफा प्रेम करती थी। विद्यालय में प्रैक्टिकल परीक्षा समाप्त होने के बाद दोपहर लगभग 2 बजे छात्रा ने अपने साथ डिब्बी में लाया हुआ कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। छात्रा की इस हालत को देखकर उसकी सहेलियां घबरा गईं और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी संबंधित छात्र को दी। इसके बाद छात्र ने तत्काल मोटर साइकिल से छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और छात्रा की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया। घटना के बाद विद्यालय और क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में भी चिंता का माहौल बना हुआ। एक



छात्रा द्वारा प्रेम और मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खाने की घटना बेहद चिंताजनक है। यह केवल एक व्यक्तिगत मामला नहीं, बल्कि समाज और परिवार के सामने खड़े एक गंभीर प्रश्न की ओर इशारा करता है। किशोरावस्था वह दौर होता है, जब भावनाएं बेहद संवेदनशील और अस्थिर होती हैं। ऐसे में आकर्षण या एकतरफा प्रेम को कई बार युवा जीवन का अंतिम सच मान बैठते हैं, जो खतरनाक सोच है। जीवन में असफलता, अस्वीकार या भावनात्मक आघात आना स्वाभाविक है, लेकिन उसका समाधान आत्मघाती कदम नहीं हो सकता। ऐसे मामलों में परिवार, शिक्षक और समाज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। युवाओं को यह समझाने की जरूरत है कि जीवन किसी एक रिश्ते या भावना तक सीमित नहीं है।

# सिर पर टंगिया से प्राणघातक चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी, अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया सीताराम एवं अनु. अधि. पुलिस उमरिया पी.एस. परस्ते के निर्देशन एव मार्गदर्शन में होली के दौरान डी.जे. बंद करने की बात को लेकर आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से आहत के सिर पर टंगिया से प्राणघातक चोटे पहुंचाने जैसे गंभीर प्रकरण में थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपी को चंद घंटे में गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 4 मार्च 2026 को फरियादिया ममता सिंह पति राजेश सिंह निवासी ग्राम छपरा टोला नें थाना मानपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 5 बजे फरियादी के जेठऊत सुनील सिंह ने उसके रिश्ते के देवर दीपक सिंह को डीजे बंद कराने पर से विवाद को लेकर जान से मारनें की नियत से टंगिया से सिर पर प्राण घातक चोटे पहुंचाई है। साथ ही आरोपी सुनील सिंह धमकी देकर गया है कि अगर किसी को बताई तो तुझे भी टंगिया से काट डालूँगा। घटना की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई आहत दीपक सिंह को गंभीर चोटें होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मानपुर अस्पताल से मेडिकल कालेज शहडोल रेफर कर दिया गया। थाना मानपुर पुलिस द्वारा तत्काल प्रारंभिक कार्यवाही करते हुये आरोपी सुनील सिंह के विरूद्ध अपराध धारा 296,333,109,351 (3) बी एन एस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया साथ ही पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को घटना की सूचना प्राप्त होने के चंद घंटो के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम सुनील सिंह गोंड पिता शोभा सिंह गोंड उम्र 23 साल निवासी छपराटोला ग्राम करौंदीटोला मानपुर है।

# बिरसा मुंडा मेडिकल कालेज शहडोल के चिकित्सक दल द्वारा बंदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि जेल में परिरुध्द बंदियों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शुक्रवार 6 मार्च को बिरसा मुंडा मेडिकल कालेज शहडोल के चिकित्सक दल द्वारा बंदियों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अदनान जनरल सर्जरी, डॉ. साहिद सिद्दकी-नेत्र रोग, डॉ. विपिन पटेल शिशु रोग विशेषज्ञ उपस्थित हुये। कुल 32 बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सर्जरी के लिए 13 बंदियों को रेफर किये जाने का उल्लेख किया गया है। शिविर में जेल के अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिलाया गया। जेल चिकित्सक डॉ. एस.के. जैन एवं मेलनर्स कनिका रामपाल के द्वारा बंदियों को उपचार हेतु शिविर में सम्मिलित कराया गया। जेल प्रशासन द्वारा मेडिकल कालेज शहडोल के सभी चिकित्सक दल को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी.के. सारस तथा जेलर/उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं जेल चिकित्सक एस.के. जैन तथा प्रमुख मुख्य प्रहरी शिवशंकर कोल एवं जेल के ड्यूटीरत समस्त अधिकारी / कर्मचारी प्रहरी उपस्थित रहे।

# 14 मार्च को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

बालाघाट

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को जिला न्यायालय, तालुका न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय प्रकरणों के साथ ही बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के सचिव श्री सतीष शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी जितेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही बैंक अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी शाखाओं से जुड़े अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को राजीनामे के माध्यम से निराकरण हेतु लोक अदालत में प्रस्तुत करें। अधिकारियों ने लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के आपसी समझौते से निराकरण के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# उर्मिला कुशराम को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत।

**बालाघाट।** लामता तहसील के ग्राम ढूटी निवासी नरेंद्र कुशराम की 24 दिसंबर 2025 को बाँध के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत मृतक की वारिस पत्नि उर्मिला कुशराम को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। लामता तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे कोषालय में देयक प्रस्तुत कर उर्मिला कुशराम के खातें में ई-पेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।

# मॉयल में चार नये श्रम संहितायें कानून पर जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न






बालाघाट

जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान में केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये नये चार श्रम संहिता कानूनों पर कामगार कर्मचारी वर्ग में जागरूकता उत्पन्न करने के दृष्टिकोण से एक दिवसीय संगोष्ठि मॉयल भरवेली प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डायरेक्टर जनरल ऑफ माईन सेफ्टि नार्थ जोन परासिया क्षेत्र के प्रमुख अलताफ हुसैन अंसारी, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक मॉयल उम्मेदसिंह भाटी, खान प्रबंधक विवेक कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला श्रमिकों के लिये बनाये गये चार श्रमिक संहिता कानून एवं मजदूरी संहिता 2019 सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 औद्योगिक संबंध संहिता 2020, व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य दशायें संहिता 2020 के साथ महिला श्रमिकों से जुड़े कानूनों पर विशेष रूप से फोकस किया है। ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इन नये कानूनों की जानकारी पहुंच सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजीएमएस अल्ताफ हुसैन अंसारी ने इन श्रम कानूनों पर विशेष रूप से फोकस डालते हुए कहा कि महिला श्रमिकों के अधिकार को लेकर देश में एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब बराबरी केवल चर्चा या वादों तक सीमित नहीं है बल्कि वह कानूनी रूप ले चुकी है। केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के माध्यम से महिला श्रमिकों को व्यापक अधिकार और सुरक्षा प्रदान की गई है। इन श्रम संहिताओं के लागू होने से समान कार्य के लिये समान वेतन का कानूनी अधिकार सुनिश्चित हुआ है। अब किसी भी संस्था में लिंग के आधार पर वेतन भेदभाव करना कानूनी अपराध माना जायेगा। इसके साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को और अधिक सख्त किया जायेगा। जिससे महिलाओं को सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण में कार्य करने का अधिकार मिला है। मातृत्व लाभ को संहिताओं में विशेष महत्व दिया गया है। महिला कर्मचारियों को प्रसूती अवकाश, सामाजिक सुरक्षा और अन्य सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में स्पष्ट प्रावधान किये गये है। असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडने पर बल दिया गया है जिससे उन्हें आर्थिक स्थिरता मिल सके। विशेषज्ञों का मानना है कि केन्द्र सरकार का यह कदम आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूत करने वाला है। जब महिला श्रमिक सुरक्षित सम्मानीत और आर्थिक रूप से सशक्त होगी तब ही देश की उत्पादकता और विकास दर में वास्तविक वृद्धि संभव होगी। यह नये श्रमिक संहितायें सशक्त भारत की दिशा में एक मजबूत व दूरगामी कदम साबित होगें। इनको पालन करना हर संस्थान के लिये अति आवश्यक है।

# नगर की बेटी पूर्वा अग्रवाल ने पास की सीए की परीक्षा

कटंगी

नगर के एक प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार की बेटी पूर्वा अग्रवाल ने हाल ही में सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) की परीक्षा पास की है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। पूर्वा की प्रारंभिक शिक्षा नगर के ही स्कूल से हुई है। पूर्वा ने अपनी मेहनत और लगन से सीए की परीक्षा पास की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। 06 मार्च को दोपहर 12 बजे सीए की परीक्षा पास करने के बाद पूर्वा ने कहा, मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को देती हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा प्रेरित किया और मेरा समर्थन किया। मैं आगे भी मेहनत करूंगी और अपने करियर में सफलता प्राप्त करूंगी। बता दें कि पूर्वा अग्रवाल नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी बसंत अग्रवाल की पुत्री और जितेन्द्र अग्रवाल की भतीजी है। पूर्वा अग्रवाल ने वर्ष 2026 जनवरी में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की कठिन परीक्षा प्रथम प्रयास में ही 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने 1 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित किए है जिसमें पूर्वा अग्रवाल ने सफलता अर्जित की है। पूर्वा की इस सफलता से स्वजातीय जनों ने बधाई प्रेषित की है। वहीं परिवार में हर्ष की लहर है।



# जिले में अवैध शराब का कौन है डॉन? अब तो अति हो गई दूध सप्लाई वाहन में मिला अवैध शराब का जखीरा

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में बीजाडांडी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दूध की सप्लाई की आड़ में की जा रही शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान करीब 54 पेटी अवैध शराब बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे दो वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के विक्रेताओं तथा परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना बीजाडांडी प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे द्वारा अपने स्टाफ के साथ 5 मार्च की सुबह मुखबिर सूचना पर नेशनल हाईवे-30 खूटापड़ाव के पास घोंटा तिराहा पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान मैजिक वाहन क्रमांक एमपी/51/जीएस/4766 को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें दूध के कंटेनरों के बीच छिपाकर ले जाई जा रही 54 पेटी विभिन्न प्रकार की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। वाहन चालक मनमोहन झारिया निवासी ग्राम सालीवाड़ा (डिठोरी) थाना नैनपुर जिला मंडला को मौके से पकड़ा गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अवैध शराब के परिवहन को





सुरक्षित बनाने तथा पुलिस से बचने के उद्देश्य से एक अन्य टोयोटा वाहन डब्लूबी/06/एफ 9054 आगे आगे चल रहा था। पुलिस द्वारा तत्परता व सूझबूझ से उक्त वाहन में सवार प्रिंस गुप्ता एवं संजय दोहरे उर्फ रेड निवासी मंडला को भी पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 54 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 426 लीटर, दो चार पहिया वाहन, तीन मोबाइल फोन तथा 15 सिल्वर कलर के दूध के कंटेनर जप्त किए गए। कुल जप्त मशरूका की कीमत अनुमानित 9 लाख 62 हजार 540 आंकी गई है। इस संबंध में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी संजय दोहरे उर्फ रेड के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडला में 4 आबकारी एवं थाना बीजाडांडी में 1 प्रकरण, प्रिंस गुप्ता के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडला में 2 प्रकरण तथा मनमोहन झारिया के विरुद्ध 1 आबकारी प्रकरण पूर्व से दर्ज है। तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। अंग्रेजी शराब जिसकी कुल मात्रा 426 लीटर शराब की अनुमानित कीमत 2 लाख 77 हजार 540 बताया गया। तो वहीं चार पहिया वाहन मैजिक एवं टोयोटा अनुमानित कीमत 6 लाख 50 हजार, 3 मोबाइल फोन कीमत 35 हजार, 15 सिल्वर कलर दूध के कंटेनर, कुल जप्त मशरूका कीमत 9,62,540 बताया गया। कार्यवाही में निरीक्षक अनीता कुड़ापे, सहायक उप निरीक्षक मुरारीलाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक जय कुमार पांडे, रविन्द्र कुमार मरावी, आरक्षक संदीप मेवाड़ा, देवेन्द्र धुर्वे, अजय परस्ते, भोजराम मरकाम, विजय छिरा, आलोक कुमार मरावी, महिला आरक्षक सौदामिनी लोधी, रीना नागले तथा विशेष दस्ता अभिलाष झारिया एवं पायलट उत्तम साहू की भूमिका रही। होली और अन्य त्योहारों के दौरान शराब की मांग बढ़ने का फायदा उठाकर कुछ तस्कर सक्रिय हो गए थे। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि शराब जबलपुर से लाई जा रही थी और मंडला जिले के विभिन्न इलाकों में खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने इस पूरे मामले में शराब से भरे छोटा हाथी वाहन के साथ एक अन्य वाहन को भी जब्त कर लिया है जो इस तस्करी में सहयोग कर रहा था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस अवैध शराब तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं और शराब को किन-किन स्थानों पर सप्लाई किया जाना था। संभावना जताई जा रही है कि इस तस्करी के पीछे एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो सकता है। गौरतलब है कि जिले में पिछले कुछ समय से बाहर से अवैध शराब लाकर बेचने का धंधा तेजी से बढ़ रहा है। कई तस्कर अलग-अलग तरीके अपनाकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश करते हैं। कोई ट्रकों में सामान के नीचे शराब छिपाकर लाता है तो कोई दूध, सब्जी या अन्य सामग्री के साथ शराब को छिपाकर ले जाता है हालांकि पुलिस भी ऐसे मामलों को लेकर लगातार सतर्क है और समय-समय पर कार्यवाही कर तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर रही है बीजाडांडी पुलिस की इस कार्यवाही को भी इसी कड़ी में बड़ी सफलता माना जा रहा है पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। खासकर त्योहारों के दौरान चेकिंग और निगरानी को और अधिक सख्त कर दिया जाता है ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि जिले में अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस शराब की खेप को मंडला जिले के किन-किन इलाकों में पहुंचाया जाना था और इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। बीजाडांडी पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार फिर यह साफ हो गया है कि पुलिस की सख्ती के चलते अवैध शराब तस्करों के लिए जिले में काम करना आसान नहीं है। वहीं इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## साहित्य उपवन में रंगोत्सव की रही धूम

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** साहित्य उपवन रचनाकार मंच के तत्वावधान में ऑनलाइन रंगोत्सव काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्या भट्ट स्वयं द्वारा प्रस्तुत सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात देश के विभिन्न प्रांतों से जुड़े साहित्यकारों ने रंगोत्सव की भावना से ओतप्रोत गीत गजल मुक्तक कविता एवं छंद प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। रचनाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने रंगोत्सव के विविध पक्षों को सजीव रूप में उकेरते हुए प्रेम सौहार्द भाईचारे तथा राष्ट्रीय एकता का प्रेरक संदेश दिया। गोष्ठी में प्रोफेसर शरद नारायण खरे, अंजनी कुमार चतुर्वेदी मुरादा बाद, बाबा वैद्यनाथ झा पूर्णिया, डॉ. अनुपम गुप्ता मुरादाबाद, अर्चना श्रीवास्तव आहना रांची, गणेश भारद्वाज कठुआ, जम्मू-कश्मीर, सुनील श्रीवास्तव व्राज गोरखपुर, सरोज डिमरी उत्तराखंड, डॉ. फूलचंद्र विश्वकर्मा अंबेडकर नगर, उत्तरप्रदेश, रजनी हरीश कोयंबटूर, तमिलनाडु, प्रमिला झरबड़े मीता भोपाल, डॉ. डीएन झा दीपक झारखंड, प्रमोद झा मुरादाबाद, रमन ध्यानी दिलशाद गार्डन, रीता सिंह चंदौसी, सिद्धि डोभाल देहरादून, दिव्या भट्ट स्वयं इंदौर, संतकुमार सारथी झुंझुनू, रामकिशोर पाठक पटना, डॉ. सुरेश चंद्र गुप्ता जयपुर, डॉ. आशा नेगी पवार चमोली, वीरेंद्र कुमार डोबरियाल अकेला उत्तराखंड, नरेश चंद्र उनियाल देहरादून, अलका जैन आनंदी दिल्ली, राजेश तिवारी व्रंजन बांदा, नंदकिशोर बहुखंडी देहरादून, रेखा तिवारी गाजियाबाद, साहेब लाल सरल बालाघाट एवं भावना शिवहरे मध्यप्रदेश की उल्लेखनीय सहभागिता रही।



## सीएम हेल्पलाइन पर दिए निर्देश

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह द्वारा की गई समीक्षा के दौरान विभागवार प्राप्त शिकायतों उनके निराकरण की स्थिति एवं संतुष्टि स्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति गंभीरता व्यक्त करते हुए अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज, निवास, बीजाडांडी, मंडला तथा आयुष अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए अपर कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।



## जिला विज्ञान सम्मेलन का होगा आयोजन

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** शांतिकुंज ग्रुप ऑफ एजुकेशन महाराजपुर के सभाकक्ष में विज्ञान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आयोजन महाकौशल विज्ञान परिषद जिला इकाई ने शांतिकुंज बहुआयामी विकास सेवा समिति और परम्परागत, जडी-बूटी एवं वैकल्पिक चिकित्सा विकास परिषद एवं अनुसंधान केन्द्र के सहयोग से किया। विज्ञान भारती के जबलपुर संभाग संयोजक गजेन्द्र गुप्ता ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर जानकारी प्रदान की। विज्ञान भारती जिला इकाई संयोजक श्रीमती आरती मोदी ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन में जिले के छात्रों की सहभागिता और उसके परिणाम तथा विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रांतीय कार्यक्रम की जानकारी साझा की। श्रीमती बनीता केशरी गुप्ता ने स्वदेशी विज्ञान और भारतीय विज्ञान सम्मेलन के आयामों पर अपनी बात रखी। अर्णव मोदी निशांत तिवारी, श्रीमती भारती चौरसिया और श्रीमती श्वेता तिवारी ने जिले में विज्ञान के लोकव्यापीकरण के रोडमैप के क्रियान्वयन पर चर्चा की। इस गोष्ठी में अप्रैल माह में महाकोशल विज्ञान परिषद के तत्वावधान में मंडला में प्रस्तावित जिला स्तरीय विज्ञान सम्मेलन में महाकोशल विज्ञान परिषद जिला इकाई के कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यकारिणी के गठन के पूर्व महाकोशल विज्ञान परिषद के आजीवन सदस्यता के लिए सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

## अनुपस्थित मिले 56 कर्मचारियों को नोटिस जारी

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह शुक्रवार की सुबह जिला मुख्यालय के तीन कार्यालयों में अचानक पहुंचे उन्होंने सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा केन्द्र के कार्यालय में औचक निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य में 33 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 7 और परियोजना अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र में 16 अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में नहीं पाया। उन्होंने सभी की उपस्थिति पंजी में अनुपस्थिति लगाकर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने सबसे पहले सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य का निरीक्षण किया जहां उन्होंने उपस्थिति पंजी मंगवाई और कार्यालय में नहीं पाए गए अधिकारी-कर्मचारियों की पंजी में अनुपस्थिति लगा दी इसके बाद उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और परियोजना अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर भी यही किया निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक जनजातीय कार्य रंजीत गुप्ता, बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास एवं एपीसी केके उपाध्याय मौजूद रहे। कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला में 33 अधिकारी-कर्मचारियों अनुपस्थित पाये गये है। जिसमें सहायक सांख्यिकीय अधिकारी डीएस धुर्वे, उपयंत्री आशीष



तिवारी, लेखापाल कैलाश नारायण मसराम, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, घनश्याम प्रसाद राणा और राकेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड-2 राजेश श्रीवास, रमेश प्रसाद उइके, राजेन्द्र सिंह सैन्द्राम एवं दिलीप कुमार पटैल, सहायक ग्रेड-3 मंशाराम पटेल, गनाराम परस्ते, राकेश कुमार उइके,पवन कुमार मरकाम, विद्याचरण आर्मो और बसीम खान, स्काउट गाइड प्रभारीलोकसिंह पदम, भृत्य भारत सिंह चन्द्रौल, शत्रुघ्न सिंह धुर्वे, श्रीमती साधना झारिया, विवेक चौधरी, सोमदत्त पटैल, भैयालाल भारतिया, अनंतराम मरावी, मयंकधर पाठक, संजय कुमार धुर्वे, प्रवीण कुमार गोमास्ता, राहुल ठाकुर, कु. पलक श्रीवास और मनोज चौधरी, हिमांशु रंजन झारिया उच्च माध्यमिक शिक्षक राजकुमार यादव तथा समन्वयक वनाधिकारी शिवम कछवाहा शामिल है। इसी प्रकार जिला शिक्षा केन्द्र में अनिल समदेकर, एपीसी शेषमणी गौतम, एपीसी संतोष साहू, एपीसी श्रीमती विनिता सोनी, सहायक यंत्री सुरेद्र यादव, लेखापाल कमल चौरसिया, अनिल मिश्रा, एलडीसी राजेश पाण्डे, जगदीश नांगवशी और श्रीमती सीमा डोगरवार, ओपीपी पुष्पेन्द्र पटेल, चालक राजेन्द्र उईके, भृत्य संजय पटेल, धनेश्वर रजक तथा श्रीमती माधवी सिधिंया गैर हाजिर मिले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नु वरकडे, मुख्य लिपिक राजेन्द्र पाल, लेखापाल विनय तोष मरावी, सहायक ग्रेड-2 जगदीश चौधरी, सहायक ग्रेड -3 गणेश पुरी उइके, भृत्य श्रीमती मंजू सेनी एवं ऑपरेटर जावेद अली निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पाए गए।

## सिंधी पंचायत का होली मिलन



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा रंगों के पर्व को अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सामाजिक जनों की उपस्थिति में मनाया गया सर्वप्रथम सामाजिक जनों ने मिलकर गणेश भगवान की आरती पूजा की, इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में स्थित श्रीराम दरबार श्री झूलेलाल सांई एवं भगवान कृष्ण राधा की आरती पूजा की गई माल्यार्पण कर स्तुति आराधना की गई सभी परिवारों के लिए सुख शांति के लिए पल्लव पूजा के साथ गुरू अरदास की गई इसमें सिंधी समाज के सभी परिवारों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए प्रतिवर्ष की भांति गत वर्ष में हुए शोकाकुल परिवारों के सदस्यों को रंग गुलाल तिलक लगाकर होली का पर्व मनाते हुए शुभकामनाएं दी।

## तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला आयोजित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** वनमण्डल पश्चिम मंडला के रेंज महाराजपुर अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार में आज अग्नि सुरक्षा एवं तेंदूपत्ता शाखकर्तन संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेंजर श्रीमती वैशाली नामदेव एवं आईएफएस अधिकारी आकाश साहू उपस्थित रहे। कार्यशाला में अधिकारियों ने वनों को आग से बचाने के लिए जनसहयोग अपील की। उन्होंने बताया कि भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 79 (1) के तहत वन क्षेत्र से लाभान्वित प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह वन क्षेत्र में लगी आग को बुझाने में वन कर्मियों की सहायता करें। इस अवसर पर नागरिकों को सिगरेट बीड़ी एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों को वनों के आसपास न छोड़ने तथा महुआ संग्रहण के दौरान विशेष सावधानी बरतने की समझाइश दी गई। तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला के अंतर्गत सभी 16 फंडों के फड़ मुंशी प्रबंधक एवं संग्राहकों को शाखकर्तन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उच्च गुणवत्ता एवं अधिक मात्रा में बीड़ी पत्ता प्राप्त करने के उद्देश्य से संग्रहण के लगभग 45 दिवस पूर्व तेज धार वाले औजार से शाखाओं की कटाई की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं समस्त वन अमला उपस्थित रहा।

## कंट्रोल रूम हुआ स्थापित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाड़ी देशों में निवासरत मध्यप्रदेश के नागरिकों की सहायता के उद्देश्य से मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में 2437 कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम खाड़ी देशों में अध्ययन रोजगार व्यवसाय पर्यटन अथवा अन्य कारणों से रह रहे प्रदेशवासियों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगा। किसी भी प्रकार की आपात अथवा सामान्य सहायता की आवश्यकता होने पर संबंधित व्यक्ति अथवा उनके परिजन कंट्रोल रूम से दूरभाष 011-26772005, व्हाट्सऐप नंबर 9818963273 एवं ई-मेल पर संपर्क कर सकते हैं।

## ग्रामीणों को मिलेगी 125 दिनों का रोजगार

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के विकास और रोजगार के अवसरों को गति देने के उद्देश्य से जिला योजना भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन की गारंटी मिशन-ग्रामीण अधिनियम 2025 जिसे वीबी जी राम जी योजना के नाम से भी जाना जाता है के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के रोजगार के अधिकारों को सशक्त बनाना और पारदर्शी मजदूरी भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करना है। अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी जिससे उनकी आय में स्थिरता आएगी। योजना के तहत दैनिक मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है ताकि पारदर्शिता और समयबद्धता बनी रहे। इस योजना की लागत का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सामान्यत: 60:40 के अनुपात में किया जाएगा। श्रमिकों की डिजिटल उपस्थिति आधार आधारित पंजीकरण, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली का प्रावधान किया गया है। अधिनियम के तहत कराए जाने वाले कार्यों का प्रत्येक छह महीने में सामाजिक अंकेक्षण अनिवार्य किया गया है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना और महात्मा गांधी नरेगा के परियोजना अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया। इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित सभी संपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में एकीकृत किया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर विकसित भारत ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य हो सकें। रोजगार सृजन को जल सुरक्षा बुनियादी ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों से भी जोड़ा गया है।

## फिट इंडिया वुमन्स कार्यक्रम

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी एवं प्रभारी प्रशासक मधुलिका उपाध्याय के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर द्वारा शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर रानी अबंती बाई वार्ड में फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026 अंतर्गत आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं एवं प्रतिभागियों को आत्मरक्षा तथा सुरक्षा हेतु जागरूक करते हुये समाज मैं हो रहे बाल विवाह से बालक एवं बालिकाओं को होने वाले नुकसान को रोकने का प्रयास करना अत्यंत आवश्यक हैं।

## आधी रात किया हंगामा पीड़ित पहुंचे थाने

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** नगर बम्हनी बंजर में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आधी रात कुछ नशे में धुत लोगों द्वारा एक नागरिक के घर के बाहर पहुंचकर हंगामा करने और दरवाज़ा तोड़ने की कोशिश करने की घटना की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि खुलेआम इस तरह की दबंगई होगी तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकेगी जानकारी के अनुसार बीते दिनों बस स्टैंड क्षेत्र में एक पुराने विवाद को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और एक आम नागरिक के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हुई थी बताया जा रहा है कि इसी विवाद के बाद देर रात बम्हनी और ठरका क्षेत्र से कुछ लोगों को बुलाया गया। आरोप है कि नशे की हालत में पहुंचे इन लोगों ने बम्हनी बंजर निवासी अरविंद सोनी के घर के सामने पहुंचकर जमकर हंगामा किया प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और परिवार के सदस्यों को बाहर निकलने के लिए उकसाया बताया जा रहा है कि आरोपियों ने घर के दरवाज़े पर लात मारकर उसे तोड़ने की भी कोशिश की।

इस दौरान घर के भीतर मौजूद परिवार के लोग दहशत में आ गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है माना जा रहा है कि ये फुटेज मामले की सच्चाई सामने लाने में अहम सबूत साबित हो सकते हैं।

## बच्चों के साथ मनाई होली

*मण्डला ( स्वतंत्रमत )। होली के पावन पर्व पर कलेक्टर ने सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए आदर्श बालगृह लालीपुर में बच्चों के साथ रंगों का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बालगृह मुख्यमंत्री कोविड-19 बालसेवा, पीएम केयर के बालकों और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को गुलाल लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, सदस्य सुश्री शशि पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, सहायक संचालक श्री रोहित बड़कुल एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।*

## ग्राम पंचायत भौरझिर में 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत शिविर सम्पन्न

### शिविर में 187 आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण किया गया

नरसिंहपुर

जिले की ग्राम पंचायत भौरझिर में 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 187 आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में गरीबी रेखा की सूची में नाम जोड़ने के लिए 17 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, उक्त आवेदनों की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के यू.डी.आई.डी. कार्ड/ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांवरपाठा में 10 मार्च को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने गांव के



दिव्यांगजनों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएं, ताकि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि सभी पात्र नागरिक आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने अपना किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनवाया है, वे अपना किसान क्रेडिट कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाएं, जिससे किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और कल्याणी पेंशन जैसी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आयोजित शिविर में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से किसानों को खाद प्राप्त करने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने किसानों को फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने को कहा। कलेक्टर ने आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए, जिससे हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

शिविर में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कलापथक दल के माध्यम से ग्रामवासियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कलापथक दल ने बताया कि स्वास्थ्य के लिए हमेशा नशे से दूर रहें। इस दौरान ग्रामवासियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

संपादकीय

## जैसा चरित्र, वैसी ही फौज

पाकिस्तान का जैसा चरित्र है, वैसी ही उसकी फौज भी है। वहां की आर्मी इतनी बहादुर है कि जब बीएलए यानि बलोच लिबरेशन आर्मी चाहती है, उन्हें ठोंकती है और नाक रगड़वा कर छोड़ती है। तालिबान सरकार को जब गुस्सा आता है तो वह अपने लड़ाकों को भेजकर पीटती है और दर्जनों जब मारे जाते हैं तो पाकिस्तान का फील्ड मार्शल मुल्ला आसिम मुनीर अरब देशों से गुहार लगाता है कि हमें बख्श दो अब गलती नहीं होगी, लेकिन झूठे नैरेटिव गढ़ने के ये इतने चतुर शिल्पी हैं कि भारत के साथ जितनी लड़ाईयां हुईं, उन सभी में जीत का दावा करते हैं और बाजार से खरीद कर सैन्य अधिकारी तमगे लगा लेते हैं। पोल पट्टी खुलने के डर से इस झूठ को फर्जी रूप से सही बनाने के लिए स्थाई भाव की जो साजिश रची गई है, उसी के तहत 1965, 1971 और कारगिल-द्रास बटालिक युद्ध को जीतने का दावा अपने बच्चों की पुस्तकों में पढ़ाया जाता है। अब इनकी सेना की वास्तविकता यह है कि इनके 17 सैनिकों को बीएलए ने हिरासत में ले लिया और 10 सैनिकों को मुक्त करके सैन्य प्रतिष्ठान को चेतावनी दे दी कि यदि 7 और सैनिकों को छुड़ाना है तो उनके कैदियों को एक सप्ताह के अन्दर रिहा करो।

सच तो यह है पाकिस्तान कुरान की कसम खाकर बीएलए से कई बार बचा जान चुकी है किन्तु अब बीएलए उनके झांसे में नहीं आती इसलिए अब सेना और बीएलए में जो भी सौदेबाजी होती है, वह 'एक हाथ से दे और दूसरे हाथ से ले' के सिद्धांत पर होती है। बीते साल जब बलूचिस्तान में बीएलए ने पाक ट्रेन का अपहरण किया था तब भी सेना अपने बल पर अपने साथियों को छुड़ा नहीं पाई थी। आए दिन पाक सेना खासकर पंजाब प्रांत के जवानों को बीएलए के लोग पीटते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पाक सेना अपने पड़ोसियों से पिटती है तो बाप-बाप चिल्लाती है और 'सीज फायर' के लिए गिड़गिड़ाने लगती है। लेकिन शेखी ऐसी बघारते हैं कि वह युद्ध तो किसी देश से हारते ही नहीं, अपने देश की जनता को पाकिस्तान की सेना यह बताती है कि बलूचिस्तान में जो भी गड़बड़ चल रही है, उसके लिए भारत जिम्मेदार हैं। वह वास्तविकता को महसूस करने के लिए तैयार ही नहीं है। कल्पना करें, यदि भारत बलूचिस्तान में अलगाववादी गतिविधियां कराता तो क्या अभी तक पाकिस्तान का विखंडन न हो गया होता! वास्तविकता यह है कि बीएलए ईरान से अवैध तेल हासिल कर उनसे धन कमाते हैं और पाकिस्तान की सेना को तबाह करते हैं। यही नहीं बीएलए चीन से भी उगाही करके उन्हें बलूचिस्तान में काम करने की अनुमति देता है। बलूचिस्तान में अलगाववाद की आंधी यू ही नहीं आई है, इसका मुख्य कारण है बलूचों की समस्याओं को सुने बिना ही उन्हें आतंकी घोषित कर दिया गया। बलूचों की समस्या है कि उनके मासूम बच्चों और पुरुषों को पाक सेना मारती है और गायब कर देती है। इसलिए पाक सैनिकों पर बीएलए रहम नहीं करती और उन्हें हमेशा इस बात का एहसास कराती है कि जिस तरह बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करने में धंधेबाज सेना ने भूमिका निभाई थी, ठीक वैसे ही पाक सेना बलूचिस्तान के जन-जन में अलगाववाद की भावना प्रबल करने के लिए माहौल बना रही है।

# इजरायल-ईरान की जंग के दो पाटों में फंसा भारत

**अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ऊपर हमला करके सारी दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ढकेल दिया है। इसमें भारत की हालत सबसे ज्यादा खराब है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के आठवें दिन सबसे ज्यादा खामियाजा भारत को भुगतना पड़ रहा है। जिस लड़ाई से भारत का कोई लेना-देना नहीं था, उसी लड़ाई में भारत को इतना बड़ा नुकसान होगा, शायद यह भारत ने नहीं सोचा होगा।**



अब जो परिणाम सामने आ रहे हैं, उसके बाद निश्चित रूप से भारत की सरकार को समझ आ रहा होगा। सास-बहू के झगड़े में जिस तरह से पति की स्थिति सबसे दयनीय होती है। ना तो वह अपनी मां के पक्ष में बोल पाता है, ना पत्नी के पक्ष में बोल पाता है। आज वही स्थिति भारत की इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच में देखने को मिल रही है। इजरायल द्वारा युद्ध के दूसरे ही दिन ईरान के धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई और ईरान की पहली और दूसरी पंक्ति के नेताओं और सुरक्षा कमांडरों को निशाना बनाकर मार दिया गया। उसके बाद ईरान ने आर-पार की लड़ाई की ओर कदम बढ़ा दिए हैं।

अमेरिका और इजरायल को ईरान की सैन्य ताकत के बारे में शायद सही अंदाजा नहीं था। जिसके कारण उन्होंने इतना बड़ा जोखिम मोल ले लिया, जो अब उनसे संभाले नहीं संभल रहा है। इजरायल ने ईरान के स्कूल में हमला करके 180 बच्चियों की सामूहिक हत्या की थी। उसके बाद ईरान बुरी तरह से भड़क गया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल के तेलअबीब और येरूसलम को सबसे पहले निशाने में लिया उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर और खाड़ी देशों में जहां पर अमेरिकी सैन्य अड्डे थे, उन पर ईरानी मिसायलों से हमला किया। सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही, कि इजरायल का जो रक्षा सिस्टम था, वह ईरान की मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर पाया। इजरायल को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कुछ इस तरह की स्थिति खाड़ी देशों के अमेरिकी सैन्य अड्डों की रही। जहां ईरान की मिसाइलें भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। रही-सही कसर ईरान ने हार्मोज जल क्षेत्र से समुद्री जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह रोक दिया। जिसके कारण लगभग 30 फ़ीसदी देशों की तेल आपूर्ति और आयात निर्यात एक तरह से बंद हो गया है। अमेरिका द्वारा अपने सैन्य अड्डों की सुरक्षा नहीं कर पाने के कारण खाड़ी के देशों में भी दहशत फैल गई। रही-सही कसर अमेरिका ने ईरान के एक जहाज को, जो भारत के साथ शांतिपूर्वक युद्ध अभ्यास के लिए आया हुआ था। उस जहाज को अंतर्राष्ट्रीय समुद्र सीमा, जो श्रीलंका के पास लगती है। उस पर अमेरिका ने हमला करके उसे डूबा दिया। जिसके कारण ईरान के 87 से अधिक सैनिक मारे गए। 32 से अधिक नौसैनिक घायल हो गए हैं। इसमें भारत की भूमिका सबसे ज्यादा नकारात्मक रही है। युद्ध शुरू होने के 1 दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल की यात्रा पर थे। उन्होंने इजराइल की संसद को संबोधित किया था। उनके वापस आते ही ईरान के ऊपर हमला हो गया। शिया समुदाय के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई के साथ-साथ लगभग दो दर्जन ईरान के कमांडरों की सामूहिक हत्या इजरायल द्वारा कर दी गई। उसके बाद भारत सरकार द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

ईरान को शोक संदेश भी नहीं भेजा गया, जिसके कारण भारत के ईरान के साथ जो संबंध थे, वह खराब हो गए। खाड़ी देशों में ईरान का हमला होने के कारण भारत के लगभग एक करोड़ लोग जो खाड़ी के देशों में नौकरी और रोजगार के लिए गए हुए थे, वह सब खतरे में पड़ गए हैं। रही सही कसर यूएई में पूरी हो रही है। भारत का सबसे ज्यादा निवेश यूएई के दुबई में लाखों करोड़ों डॉलर का है। लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं। ईरान ने सबसे ज्यादा नुकसान दुबई को पहुंचाया है। जिसके कारण भारतीयों का निवेश वहां पर खतरे में पड़ गया है। इसके अलावा भारत ने अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील की थी, उसमें रुस से तेल लेने का अमेरिकी प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में से प्रतिबंध लगाया है। इस स्थिति को देखते हुए, भारत सरकार को अमेरिका से रुस से कच्चे तेल और गैस आयात करने की अनुमति मांगनी पड़ी है। ईरान ने रूस और चीन के समुद्री जहाजों की आवाजाही को छूट दे रखी है। युद्ध के आठवें दिन भारत की यह सबसे बड़ी कूटनीतिक पराजय है। भारत में विपक्षी दल और दुनिया के अन्य देश भारत को इजरायल और अमेरिका का पिट्ठू मान रहे हैं। एक तरह से वैश्विक राजनीति में भारत अलग-थलग पड़ गया है। इराक के बाद यदि सबसे बड़ा नुकसान किसी देश को होने जा रहा है, तो वह भारत है। भारत का शेयर बाजार निरंतर गिरता चला जा रहा है। भारत के पास 15 दिन से ज्यादा का कच्चा तेल और गैस उपलब्ध नहीं है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान भारत को हो रहा है। जिस तरह की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं, उसमें भारत भी युद्ध के दरवाजे पर आकर खड़ा हो गया है? स्वतंत्रता के बाद पहली बार वैश्विक राजनीति में भारत इतना कमजोर है। अब विपक्षी दलों के साथ-साथ आम नागरिक भी यह कहने लगे हैं। युद्ध की विभीषिका के बीच जिस तरह से बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हटाकर वहां पर भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाने जा रही है उसको लेकर भी सरकार की छवि को नुकसान हो रहा है। इजरायल और अमेरिका के नेतन्याहु और डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सत्ता को बचाए रखने, एपिस्टीन फाइल में जो खुलासे हो रहे थे। उससे बचने के लिए ईरान के साथ यह युद्ध शुरू किया है, जो अब तीसरे विश्व युद्ध की तरफ बढ़ता हुआ दिख रहा है। इसमें भारत को भी बड़ा नुकसान होता हुआ दिख रहा है।

# सुशासन के शिखर से सियासी शून्य तक नीतीश कुमार के ऐतिहासिक अवसान की दास्तां

दिलीप कुमार पाठक



नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के एक ऐसे विलक्षण चरित्र हैं, जिन्हें इतिहास क्या हो सकता था और क्या हो गए के बीच के द्वंद्व के रूप में याद रखेगा। 2005 में जब उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली, तो वह केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के एक नए विजन और सुशासन के प्रतीक बनकर उभरे थे। 2005 से 2010 का वह स्वर्ण काल आज भी बिहार के मानस पटल पर अंकित है, जब उन्होंने जंगलराज की राख से एक नए बिहार की नींव रखी थी। उस दौर में नीतीश कुमार का कद इतना विराट था कि उन्हें प्रधानमंत्री पद का सबसे स्वाभाविक और योग्य दावेदार माना जाता था। उनकी तुलना अक्सर बड़े सुधारकों से की जाती थी, लेकिन आज का परिदृश्य कुछ और ही कहानी बयां करता है। नीतीश की सबसे बड़ी ताकत उनका प्रशासनिक विजन था। उन्होंने दिखा दिया था कि इच्छाशक्ति हो तो बिहार जैसे जटिल राज्य की कानून-व्यवस्था को बदला जा सकता है। सड़कों का जाल बिछाना, स्कूल की बच्चियों को साइकिल बांटकर सामाजिक क्रांति लाना और पंचायत चुनावों में महिलाओं को आरक्षण देना-ये उनके ऐसे मास्टरस्ट्रोक थे जिन्होंने उन्हें विकास पुरुष की उपाधि दी। उन्होंने राजनीति को जाति के दलदल से निकालकर विकास की मेज पर लाने की गंभीर कोशिश की थी। नीतीश कुमार में एक राष्ट्रीय नेता बनने की हर खूबी मौजूद थी-साफ सुथरी छवि, प्रशासनिक अनुभव और धर्मनिरपेक्ष साख। लेकिन 2013 के बाद उनकी राजनीति ने एक ऐसी करवट ली, जिसने उनकी विश्वसनीयता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए। नरेंद्र मोदी के उदय के विरोध में एनडीए छोड़ना और फिर बार-बार गठबंधन बदलना उनकी राजनीति का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। यहीं से सुशासन बाबू की छवि धीरे-धीरे एक संकीर्ण पहचान में तब्दील होने लगी। एक ऐसा नेता जो कभी देश को दिशा देने की क्षमता रखता था, वह अपनी कुर्सी बचाने के लिए छोटे-छोटे समीकरणों में उलझ कर रह गया। नीतीश कुमार की सबसे बड़ी कमी उनकी अति-व्यावहारिकता रही, जो अंततः अवसरवाद के रूप में दिखने लगी। सत्ता के शीर्ष पर बने रहने की उनकी चाहत ने उनके वैचारिक आधार को कमजोर कर दिया। जब कोई नेता बार-बार अपने सिद्धांतों के विपरीत पाले बदलता है, तो वह जनता का विश्वास खो देता है। उनकी राजनीति धीरे-धीरे समावेशी विकास से हटकर केवल उत्तरजीविता की राजनीति बन गई। उन्होंने खुद को एक ऐसे घेरे में सीमित कर लिया जहाँ उनके पास न तो कोई बड़ा वैचारिक आधार बचा और न ही एक कड़क विद्रोही का तेवर। विशेष रूप से भाजपा के साथ उनके संबंधों का ग्राफ उनकी राजनीतिक गिरावट की सबसे बड़ी गवाह है। एक दौर वह था जब भाजपा में नीतीश कुमार का कद इतना बड़ा था कि उन्हें सिर-आंखों पर बिठाया जाता था। बिहार में भाजपा उनके पीछे खड़ी रहती थी और राष्ट्रीय स्तर पर वे एनडीए के सबसे प्रभावशाली चेहरे माने जाते थे। तब भाजपा उन्हें बड़ा भाई मानती थी और उनकी हर शर्त स्वीकार्य होती थी। लेकिन आज स्थिति बिल्कुल उलट है। बार-बार गठबंधन बदलने और अपनी विश्वसनीयता खोने के कारण आज वे भाजपा के लिए केवल एक रणनीतिक आवश्यकता बनकर रह गए हैं। कल तक जो नीतीश भाजपा की दिशा तय करते थे, आज वे भाजपा की बिछाई हुई बिसात पर एक मोहरे के समान नजर आते हैं। अब गठबंधन में शर्तें वे नहीं, बल्कि भाजपा तय करती है। यह एक सशक्त नेता का धीरे-धीरे हुआ वह अवसान है, जहाँ जिस भाजपा को वे कभी चुनौती देते थे, आज उसी की छत्रछाया में अपनी राजनीतिक आयु बढ़ाने को मजबूर हैं। यह एक विडंबना ही है कि जो नेता जातिवाद को खत्म करने की बात करता था, अंत में वह स्वयं जातीय गणना और छोटे कबीलाई वोट बैंक की राजनीति के इर्द-गिर्द सिमट गया। विकास का बड़ा कैनवास अब गठबंधन के जोड़-तोड़ की छोटी फाइलों में दब गया है। जब नीतीश कुमार भविष्य में पीछे मुड़कर देखेंगे, तो उन्हें निश्चित रूप से उस खोए हुए अवसर का मलाल होगा, जहाँ वह भारत के एक बड़े विकल्प का नेतृत्व कर सकते थे। इतिहास नीतीश कुमार का मूल्यांकन एक अधूरी क्रांति के नायक के रूप में करेगा। उन्हें एक ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में याद किया जाएगा जिसने बिहार को चलना सिखाया, लेकिन खुद को दौड़ने से रोक लिया। उनका अंत इस बात का प्रमाण है कि वह बहुत बड़ी सफलता के करीब पहुंचकर अपनी ही अस्थिरता की भेंट चढ़ गए। समय उन्हें एक कुशल प्रशासक तो मानेगा, लेकिन एक ऐसा राजनेता भी कहेगा जिसने अपनी महानता को अवसरवाद के भंवर में खो दिया। उनका राजनीतिक अवसान एक व्यक्ति का अंत नहीं, बल्कि एक उस बड़ी उम्मीद का अंत है जिसे करोड़ों लोगों ने अपनी आंखों में सजाया था।




## सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं।

राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

# अन्न से आत्मनिर्भरता तक: विश्व अनाज दिवस का संदेश

(7 मार्च दिवस विशेष आलेख)

अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं।

विश्व अनाज दिवस वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएँ मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियाँ विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ अपनाना समय की आवश्यकता है।



भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुँचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। विश्व अनाज दिवस का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से जौ को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। इतिहासकारों का मत है कि मिस्र, मेसोपोटामिया और सिंधु घाटी जैसी प्राचीन सभ्यताओं का विकास कृषि, विशेष रूप से अनाज उत्पादन, के कारण ही संभव हुआ।

आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं।

पाठक जानते होंगे कि मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है।

19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें।

अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। जलवायु परिवर्तन का अनाज उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा की चुनौतियाँ और गंभीर हो सकती हैं।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 'विश्व खाद्य दिवस' प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस 16 अक्टूबर 1945 को स्थापित खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषीकृत एजेंसी है। भोजन का अधिकार 1948 की सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा-पत्र द्वारा मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2025 में विश्व खाद्य दिवस की थीम थी-बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य साथ-साथ।

भारत में अन्न उत्पादन की स्थिति सुदृढ़ हुई है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दशक में देश का अन्न उत्पादन लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन बढ़ा है। इतना ही नहीं, फल और सब्ज़ियों का उत्पादन भी 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। भारत दूध और बाजरा (मिलेट्स) के उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है, जबकि मछली, फल और सब्ज़ियों के उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है। वर्ष 2014 के बाद से शहद और अंडे का उत्पादन दोगुना हो चुका है।

भारत सरकार की प्रमुख पहलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013; प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना; पीएम पोषण योजना; अंत्योदय अन्न योजना; राइस फोर्टिफिकेशन तथा प्राइस स्टेबिलाइज़ेशन फंड (पीएसएफ) शामिल हैं, जो खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं।

इसी क्रम में 'विश्व दलहन दिवस' (वर्ल्ड पल्सेस डे) प्रतिवर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2016 को 'अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष' घोषित किया था। दालें न केवल पोषण का केंद्र हैं, बल्कि 'क्लाइमेट-स्मार्ट' फसलें भी मानी जाती हैं, क्योंकि इनमें नाइट्रोजन फिक्सेशन की क्षमता होती है। इनके पौधों की जड़ों में उपस्थित बैक्टीरिया वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अवशोषित कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाते हैं, जिससे कृत्रिम उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है।

पर्यावरणीय दृष्टि से दालों का जल पदचिह्न(वाटर फुटप्रिंट) अत्यंत कम है।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार जहाँ एक किलोग्राम बीफ उत्पादन में लगभग 15,000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है, वहीं उतनी ही मात्रा में दाल उगाने के लिए केवल 50 से 200 लीटर पानी पर्याप्त होता है। पोषण के स्तर पर दालें प्रोटीन का सस्ता और प्रभावी स्रोत हैं। इनमें अनाज की तुलना में दो से तीन गुना अधिक प्रोटीन तथा आयरन, जिंक और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। शून्य कोलेस्ट्रॉल और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण ये हृदय रोग और मधुमेह प्रबंधन में सहायक हैं।

वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25त्न दालों का उत्पादक और 27त्न उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

**(सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)**



## एसआईआर के विरोध में ममता का धरना बोली जिन्हें आयोग ने मृत बताया उन्हें सामने लाऊंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में वोटर रोल से नाम हटाने के खिलाफ धरना देना शुरु किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से मनमाने तरीके से नाम हटाए जा रहे हैं। इस विरोध के दौरान ममता ने कहा कि बीजेपी और चुनाव आयोग बंगाली मतदाताओं को वोट देने से रोकने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस साजिश को बेनकाब करेंगी। टीएमसी प्रमुख और राज्य की मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि संशोधित वोटर सूची में कई मतदाताओं को गलत तरीके से मृत घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसतरह के लोगों को वे धरना स्थल पर लाकर दिखाएगी, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृतक के रूप में दर्ज किया है। यह धरना दोपहर करीब 2ः15 बजे शुरू हुआ। प्रदर्शन राज्य में चुनाव आयोग के पूरे दल के प्रस्तावित दौरे से दो दिन पहले हो रहा है। इसकी घोषणा पहले टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने की थी। 28 फरवरी को चुनाव आयोग ने पोस्ट-एसआईआर के बाद संशोधित वोटर लिस्ट जारी की थी। इसके बाद सत्तारूढ़ टीएमसी और चुनाव आयोग के बीच टकराव तेज हो गया है।

# अल-अक्सा मस्जिद में जुमे की नमाज पर इजराइल ने लगाई पाबंदी, मुस्लिम समुदाय भड़का



## ईरानी हमलों के चलते पुराने सभी धार्मिक स्थलों को अस्थायी रूप से किया जा रहा बंद

येरुशलम

ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच इजराइल ने बड़ा और विवादित फैसला लिया है1 इजराइली प्रशासन ने कब्जे वाले पूर्वी येरुशलम में स्थित अल-अक्सा मस्जिद में जुमे की नमाज पर रोक लगा दी है। यह फैसला रमजान के पवित्र महीने में लिया गया है, जिससे मुस्लिम समुदाय भड़क गया है। इजराइल की सिविल एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि यह फैसला सुरक्षा कारणों के चलते लिया गया है। उनका कहना है कि ईरान की ओर से इजराइल और पूरे क्षेत्र पर किए जा रहे मिसाइल हमलों को देखते हुए एहतियाती कदम उठाना जरूरी था।

मीडिया रिपोर्ट में इजराइली अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि पुराने शहर के सभी धार्मिक स्थलों को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। इसमें वेस्टर्न वॉल, टेंपल माउंट और चर्च भी शामिल हैं1 प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अगले आदेश तक किसी भी धर्म के श्रद्धालुओं या पर्यटकों को इन स्थानों में प्रवेश की इजाजत नहीं दी जाएगी। दरअसल पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की है, जिसके जवाब में ईरान लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। इन हमलों में अब तक इजराइल में करीब 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि ईरान में इजराइल और अमेरिका के हमलों में 1200 से ज्यादा लोगों की मौत बताई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अल-अक्सा मस्जिद को लेकर तनाव नया नहीं है। पिछले महीने भी इजराइली प्रशासन ने रमजान की पहली नमाज के लिए पश्चिमी तट से आने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या सिर्फ 10 हजार तक सीमित कर दी थी, जबकि आम तौर पर यहां लाखों लोग इकट्ठा होते हैं। अल-अक्सा परिसर में करीब पांच लाख लोगों के एक साथ नमाज पढ़ने की क्षमता है। मस्जिद पुराना शहर ईस्ट येरूशेलम में स्थित है, जिसे इजराइल ने 1967 के युद्ध के बाद अपने कब्जे में ले लिया था। अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक यह कब्जा अवैध है, लेकिन इसके बावजूद यहां सुरक्षा व्यवस्था और प्रवेश नियंत्रण इजराइल के हाथ में है।

## यूएई के टॉप उद्योगपति ने ट्रंप को लिखा ओपन पत्र, जंग को लेकर बोला हमला

**दुबई।** यूएई के टॉप उद्योगपतियों में से एक अरबपति खलफ़ अहमद अल हब्तूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक ओपन पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने ईरान के साथ जंग करने के उनके फ़ैसले पर हमला किया है। अल हब्तूर ग्रुप के अमीराती अरबपति फ़ाउंडर और चेयरमैन ने पूछा कि आपको हमारे इलाके को ईरान के साथ जंग में घसीटने का अधिकार किसने दिया? और आपने यह खतरनाक फ़ैसला किस आधार पर लिया? हब्तूर ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आपने ट्रिगर खींचने से पहले होने वाले नुकसान का हिसाब लगाया था? और क्या आपने सोचा था कि इस बढ़ोतरी से सबसे पहले इस इलाके के देशों को ही नुकसान होगा।


## अमेरिकी राष्ट्रपति न्यूयॉर्क का मेयर तो चुन नहीं सके, ईरानी लीडर चुनना चाहते हैं

### ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतीबज़ादेह ने ट्रंप पर बोला हमला



नई दिल्ली

जंग के बीच ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतीबज़ादेह ने नई दिल्ली में अमेरिका पर तीखा हमला बोलो। उन्होंने मौजूदा लड़ाई को ईरान के लिए अस्तित्व की लड़ाई बताया है। खाड़ी में अमेरिकी सेना की मौजूदगी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि क्या अमेरिका के रडार फारस की खाड़ी मछली पकड़ने के लिए हैं? इसके साथ ही, सईद ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। उन्होंने ईरान की लीडरशिप के बारे में ट्रंप की बातों का मज़ाक उड़ाया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान का लीडर अपॉइंट करना चाहते हैं, लेकिन वह न्यूयॉर्क के मेयर को भी अपॉइंट नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि जहां वॉशिंगटन लड़ाई को अमेरिकन फुटबॉल की सोच से देख रहा है, वहीं ईरान शतरंज की तरह सोच रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सईद खतीबज़ादेह ने कहा है कि तेहरान के पास अमेरिकी और इज़राइली हमले के खिलाफ वीरतापूर्ण राष्ट्रवादी बचाव करने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं है। देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा। खतीबज़ादेह ने ज़ोर देकर कहा कि ईरान इस वक्त पूरी तरह से युद्ध की स्थिति से गुज़र रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अभी ईरान के लिए सबसे ज़रूरी बात हमलावर के खिलाफ़ पूरी तरह से विरोध करना है। हम पर अमेरिकी और इज़राइल हमला कर रहे हैं और वे ईरान को ज़्यादा से ज़्यादा नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं1



## समुद्र बन रहे वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र पश्चिम एशिया संकट पर बोले रक्षा मंत्री

कोलकाता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बदलती वैश्विक राजनीति में समुद्र एक बार फिर दुनिया की शक्ति संतुलन का केंद्र में आ गए हैं। अब यह भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास और पूरी क्षमता के साथ समुद्री क्षेत्र में नेतृत्व करे। राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम को असामान्य बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस इलाके के हालात पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाल सकते हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह सामान्य नहीं है। इस समय यह कहना मुश्किल है कि वहां के हालात आगे किस दिशा में जाएंगे।

***वैश्विक व्यापार को हो रहा नुकसान-*** रक्षा मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह इलाका दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। जब भी इस क्षेत्र में कोई रुकावट आती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की सप्लाई पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज सिर्फ ऊर्जा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूसरे सामानों की सप्लाई चेन में भी रुकावटें आ रही हैं। इन अनिश्चितताओं की वजह से वैश्विक व्यापार को नुकसान हो रहा है। सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात ने एक बार फिर समुद्रों की अहमियत को साबित किया है।

## रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकामः शाह

नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली




में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है।

## नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में हॉलीवुड सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स गिरफ्तार, 4 मई को पेशी

***कैलिफोर्निया।*** पॉप आइकॉन और हॉलीवुड की चर्चित गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स एक बार फिर कानूनी मुश्किलों में घिर गई हैं। कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में पुलिस ने उन्हें 'ड्राइविंग अंडर द इन्फ्लुएंस'यानी नशे की हालत में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तार किया है। यह घटना बुधवार रात की है, जब सड़क पर संदिग्ध तरीके से गाड़ी चलाते वक्त पुलिस की नजर उन पर पड़ी और उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। वेंचुरा काउंटी शेरिफ कार्यालय के रिकॉर्ड के मुताबिक, ब्रिटनी को रात करीब 9ः28 बजे पकड़ा गया था। कागजी कार्रवाई और शुरुआती पूछताछ के बाद उन्हें सुबह करीब 6ः07 बजे रिहा कर दिया गया, लेकिन अब इस मामले में उन्हें आगामी 4 मई को अदालत के समक्ष पेश होना होगा। ब्रिटनी स्पीयर्स का जीवन लंबे समय से विवादों और कानूनी लड़ाइयों का केंद्र रहा है।

*सीहोर में कलयुगी ताऊ का खूनी खेल*

## परीक्षा देने जा रहे भाई-बहन की लट्ठ मारकर निर्मम हत्या




सीहोर

जिले में शुक्रवार सुबह रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। ग्राम धरमपुरी में पुरानी रंजिश के चलते एक ताऊ ने अपने ही भतीजे और भतीजी को लठ से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। दोनों भाई-बहन परीक्षा देने घर से निकले थे लेकिन रास्ते में ही उन पर हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मामला सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरी का है। यहां आरोपी ताऊ हरिसिंह मालवीय ने अपने भतीजे कुलदीप (18 वर्ष) और भतीजी शीतल (20 वर्ष) पर लठ से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। इस दोहरे हत्याकांड के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि शीतल और कुलदीप शुक्रवार सुबह घर से परीक्षा देने के लिए निकले थे। जैसे ही वे घर से कुछ दूरी पर पहुंचे, रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद उसने दोनों पर लगातार लठ से वार करना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से दोनों संभल भी नहीं सके और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यह घटना अचानक नहीं हुई, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दी गई है। मृतकों के पिता जगदीश मालवीय का कहना है कि आरोपी को पहले से जानकारी थी कि दोनों बच्चे उस दिन परीक्षा देने जाने वाले हैं। इसी वजह से वह सुबह से ही रास्ते में लठ लेकर घात लगाकर बैठा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने दोनों पर बेरहमी से हमला किया। सिर और शरीर पर लगातार किए गए वार से दोनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। देखते ही देखते दोनों के शरीर से खून बहने लगा और कुछ ही देर में उनकी सांसें थम गईं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीओपी दामोदर गुप्ता और सिद्दीकगंज थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फिल्म/टीवी मनोरंजन





## फिल्म मालामाल विकली का बनने जा रहा है सीक्वल

कॉमेडी से भरपूर फिल्म मालामाल विकली का सीक्वल बनने जा रहा है। करीब बीस पूर्व रीलिज हुई प्रियदर्शन की इस कल्ट कॉमेडी ने एक गुम हुए लॉटरी टिकट की कहानी को लेकर दर्शकों को खूब हंसाया था। अब इसके सीक्वल की खबर से फैंस फिर से उत्साहित हैं। फिल्म में परेश रावल राजपाल यादव, रितेश देशमुख और दिवंगत ओम पुरी ने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। हालांकि 'मालामाल वीकली 2' की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, मगर फिल्म के मुख्य अभिनेता परेश रावल ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया, हां, यह सच है। मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं और हम इसे कर रहे हैं। पहली फिल्म में लॉटरी टिकट बेचने वाले लीलाराम की भूमिका निभाने वाले परेश रावल दोबारा इसी किरदार में कमाल दिखाने की तैयारी में हैं। दिलचस्प रूप से, साल 2012 में कमाल धमाल मालामाल रिलीज़ हुई थी, जिसे 'मालामाल वीकली' का रीबूट माना गया था। इसमें भी परेश रावल के साथ राजपाल यादव, ओम पुरी और नाना पाटेकर ने बेहतरीन अभिनय से कॉमेडी का स्तर ऊंचा रखा था। हालांकि उस समय इसे आधिकारिक सीक्वल नहीं कहा गया था, लेकिन इस बार फिल्म के सीधे सीक्वल की पुष्टि ने पुराने दर्शकों की यादें ताजा कर दी हैं। इस बीच परेश रावल दूसरी फिल्म भागमभाग 2 को लेकर भी चर्चा में हैं, जो उनकी 2006 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है। इस बार फिल्म में बड़ा बदलाव यह है कि गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी नजर आएंगे, जिससे कहानी और प्रस्तुति में नए रंग जुड़ने की उम्मीद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो परेश रावल आने वाले महीनों में कई बड़ी फिल्मों के साथ दर्शकों के बीच लौटने वाले हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी फिल्म भूत बंगला में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे, जो 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। इसके साथ ही, सुपरहिट तिकड़ी अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल फिर से दर्शकों का मनोरंजन करेगी क्योंकि अभिनेता फिल्में वेलकम टू द जंगल और हेराफेरी 3 में भी नजर आएंगे।



## श्रद्धा और वरुण के बचपन की कहानी है दिलचस्प



एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने खुलासा किया कि जब वह केवल 8 साल की थीं, तब उन्होंने वरुण को प्रपोज किया था। दोनों अपने-अपने पिता के साथ एक फिल्म के सेट पर गए थे। वहां खेलने के दौरान वे एक छोटी पहाड़ी पर चढ़ गए और इसी मासूमियत भरे माहौल में श्रद्धा ने वरुण के सामने अपना दिल खोल दिया।

श्रद्धा कपूर और वरुण धवन की ऑन-स्क्रीन जोड़ी हमेशा पसंद की जाती रही है, लेकिन इन दोनों की बचपन की एक कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। श्रद्धा ने बताया कि उन्होंने वरुण को प्रपोज करने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला। उन्होंने कहा कि वह कुछ उल्टा बोलेंगी और वरुण को उसे समझना होगा। श्रद्धा ने मजाक में कहा यू लव आई जो उल्टा पढ़ने पर आई लव यू होता है। इस पर छोटे वरुण घबरा गए और बोले, मुझे लड़कियां पसंद नहीं हैं, और तुरंत वहां से दौड़कर भाग गए। श्रद्धा ने यह किस्सा एक यूट्यूब इंटरव्यू में हंसते हुए साझा किया था। बड़े होकर दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आए। दोनों ने एबीसीडी 2, स्ट्रीट डांसर 3डी में शानदार केमिस्ट्री दिखाई। इसके अलावा, वे स्त्री 2 में भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आए, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। साल 2010 में श्रद्धा कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म तीन पत्ती से की थी। 2011 में वह लव का द एंड में दिखाई दीं, लेकिन उन्हें असली पहचान मिली मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म आशिकी 2 से। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता आदित्य रॉय कपूर थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और श्रद्धा को कई अवॉर्ड नॉमिनेशन मिले। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर ने गायक राहुल जयकर की भूमिका निभाई थी, जो शराब की लत के कारण अपना करियर खो देता है, जबकि श्रद्धा ने आरोही शिरके का किरदार निभाया, जो उनकी मदद से एक सफल सिंगर बनती है।

## हंसी के साथ-साथ गहरा संदेश भी देती है 'तन्वी द ग्रेट'



कॉमेडी और संवेदनशील अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इस बार एक ऐसी कहानी लेकर आए हैं, जो हंसी के साथ-साथ गहरा संदेश भी देती है। अनुपम खेर की नई फिल्म तन्वी द ग्रेट अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है और इसके ट्रेलर ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा है। ट्रेलर देखकर समझा जा सकता है कि फिल्म एक भावनात्मक सफर है, जो किसी को भी आकर्षित कर सकती है।

फिल्म की कहानी एक दादा और उनकी ऑटिज्म से पीड़ित पोती तन्वी के संबंधों पर आधारित है। तन्वी भले ही अलग तरीके से दुनिया को समझती है, लेकिन वह कमजोर नहीं। वह सामान्य बच्चों की तरह सब काम कर सकती है, बस थोड़ा धीरे और अपनी गति से। अनुपम खेर फिल्म में उसके दादा की भूमिका में हैं, जो उसकी देखभाल तो करते ही हैं, साथ ही उसे आत्मनिर्भर और साहसी बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

# कक्षा पांचवी एवं आठवी का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

## क्षेत्र के बीटीआई स्कूल गाडरवारा एवं उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में हुआ प्रारंभ

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)




गत दिवस राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड चीचली के मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली एवं साईंखेड़ा के पीएमश्री बीटीआई स्कूल गाडरवारा में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा 2026 की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हुआ। इस मूल्यांकन कार्य हेतु चीचली में विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर को मूल्यांकन केंद्र प्रभारी, सत्यम ताम्रकार, बुलंद कुशवाहा को सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटैल को मूल्यांकन केंद्र प्रभारी बनाया गया है। चीचली में इस कार्य के प्रारंभ में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल, बीएसी अरुण दुबे तथा सहायक मूल्यांकन प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं को इस कार्य से संबंधित सुझाव, यथा आरएसके पोर्टल पर ऑनलाइन वितरण, अंक फीडिंग, उत्तर कॉर्पियो की पुनः जांच, हेडवैल्युअर द्वारा री-चेकिंग, ऑनलाइन पर्ण प्रतिपर्ण जनरेट सहित अन्य सभी निर्देश दिए गए। बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमति पटैल एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने भी शिक्षकों को मूल्यांकन से जुड़े निर्देश दिये। चीचली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली वीरेंद्र राजपूत द्वारा मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया। इस मूल्यांकन में विभिन्न कार्य निर्वहन हेतु विषयवार हेडवैल्यूअर,स्ट्रांग रूम प्रभारी को नियुक्त किया गया है। यह मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर अनिल कुशवाह के मार्गदर्शन तथा जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशन में किया जा रहा है।

# जिले में एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान जारी

## सही उम्र में टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में एच.पी.व्ही. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 28 फरवरी 2026 से हो चुका है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को एच.पी.व्ही. संक्रमण के प्रति जागरूक करना तथा सही उम्र में टीकाकरण के माध्यम से भविष्य में गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस अभियान के तहत केवल उन किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा, जिन्होंने 14 वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15 वां जन्मदिन नहीं मनाया है। समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव है और यह वैक्सीन सुरक्षित एवं विश्वभर में प्रमाणित है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एच.पी.व्ही. वायरस सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है। यह गर्भाशय के मुंह का कैंसर होता है और लगभग 99.7 प्रतिशत मामलों में इसका कारण एच.पी.व्ही संक्रमण पाया गया है, जो प्रायः बिना लक्षणों के होता है। भारत में यह महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। वर्ष 2022 में देश में लगभग 79 हजार 103 नए मामले सामने आए, जिनमें से 34 हजार 805 महिलाओं की मृत्यु हो गई है, जो लगभग 44 प्रतिशत है। अभियान के तहत एच.पी.व्ही. वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है, जो एच.पी.व्ही. संक्रमण से बचाव के लिए प्रभावी मानी जाती है। जिले में एच.पी.व्ही. टीकाकरण के लिए जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर, सिविल अस्पताल गाडरवारा, सिविल अस्पताल करेली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सालीचौका और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साईखेड़ा को केन्द्र के रूप में निर्धारित किया गया है। इन केंद्रों पर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए पात्र किशोरी बालिकाओं को आयु प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अपार आईडी, छात्रा का फोटो पहचान पत्र, पासपोर्ट, एम.सी.पी. कार्ड (जन्मतिथि सहित), स्कूल छोड़ने या ट्रांसफर प्रमाण पत्र, पैन आई.डी. फोटो सहित राशन कार्ड, बैंक पासबुक या आयु घोषणा पत्र में से कोई एक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।

### सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर के लिए स्वयंसेवकों का हुआ चयन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमित ताम्रकार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई दलनायिका मनीषा राजपूत एवं छात्र इकाई सह दलनायक विवेक साहू का सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर के लिए चयन हुआ इन स्वयं सेवकों के चयनित होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी एवं डॉ.अमित ताम्रकार ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं छात्रा एवं छात्र इकाई को बधाइयां दी यह शिविर दिनांक 8 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है शिविर में मनीषा राजपूत एवं विवेक साहू के चयनित होने पर कार्यक्रम अधिकारियों ने कहा कि शिविर में स्वयंसेवकों का चयन हमारी इकाई के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य स्वयंसेवकों को भी प्रेरित करेगी कि वे सेवा और नेतृत्व के पद पर निरंतर आगे बढ़ते रहें।

### मार्च माह में सभी अवकाश दिनों में खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शासन के राजस्व की दृष्टि से मार्च माह अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। आम नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा उपलब्ध कराने तथा राजस्व प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए माह मार्च 2026 में सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जिला पंजीयक नरसिंहपुर ने बताया कि मार्च माह में प्रत्येक शनिवार और रविवार सहित अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी जिले के समस्त जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय कार्य एवं दस्तावेजों के पंजीयन के लिए खुले रहेंगे। इससे नागरिकों को अवकाश के दिनों में भी अपने दस्तावेजों का पंजीयन कराने की सुविधा मिल सकेगी।

# भगवान चित्रगुप्त जी की सामूहिक पूजन कार्यक्रम आयोजित



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)** । विगत दिनों कायस्थ महासभा के तत्वावधान में होली दूज पर भगवान चित्रगुप्त जी की सामूहिक पूजन का कार्यक्रम चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित किया गया जिसमें समाज के परिवारों शामिल हुए । इस अवसर पर वेदमन्त्रों के साथ भगवान चित्रगुप्त जी की पूजन अर्चन कर चित्रगुप्त चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया । पूजन उपरांत आगामी 23 अप्रैल को आने वाली भगवान चित्रगुप्त जी की जयंती उत्साह से मनाने पर चर्चा की गई । नगर के कायस्थ समाज बाहुल्य मालगुजारी मोहल्ला के समीप स्थित चौराहा का नाम चित्रगुप्त चौराहा करने की मांग के संबंध में भी प्रस्ताव पास किया गया । इस हेतु प्रशासन से और नगरपालिका अध्यक्ष से मिलने और निवेदन करने हेतु एक समिति बनाने का सुझाव रखा गया । पूजन कार्यक्रम में कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव पिपरिया कलां ,आशीष सक्सेना, कुलदीप, ब्रजमोहन, राजा, दुग्रेश, महेंद्र, प्रशांत, सचिन, संदीप, संजय,शिव, रौनक, कान्हा, श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, श्रीमती मनोरमा, संध्या रानी, ममता, ज्योति, नेहा, साधना, रानु, प्रतिभा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# बायोडायजेस्टर तकनीक से बढ़ रहा प्राकृतिक खेती का दायरा

## जैविक खाद से किसानों को मिल रहा लाभ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

आत्मा परियोजना के अंतर्गत जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नवाचार के रूप में किसानों के यहां बायोडायजेस्टर ट्यूब स्थापित किए जा रहे हैं। इन बायोडायजेस्टर के माध्यम से जैविक खाद तैयार कर खेती में उपयोग किया जा रहा है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो रही है और खेती अधिक टिकाऊ एवं लाभकारी बन रही है। इसी क्रम में परियोजना संचालक आत्मा श्री आरपी झारिया एवं नरसिंहपुर के बीटीएम श्री अरुण परतेती ने ग्राम मचवारा के कृषक श्री प्रीतम लोधी के फार्म का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खेत पर स्थापित बायोडायजेस्टर ट्यूब तथा प्राकृतिक खेती की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और किसान को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कृषक श्री प्रीतम लोधी द्वारा आत्मा परियोजना के मार्गदर्शन में लगभग 4 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की जा रही है। इस खेती के अंतर्गत गन्ना, अरहर, चना, मटर, धनिया एवं आलू जैसी विभिन्न फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती अपनाने से भूमि की उर्वरता में सुधार के साथ-साथ उत्पादन लागत में भी कमी आ रही है। कृषक श्री प्रीतम लोधी ने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से उर्वरक एवं कीटनाशकों पर होने वाले खर्च में वर्षभर में लगभग 65 हजार रुपये की बचत हो रही है। साथ ही परिवार को सेहत के लिए शुद्ध, पौष्टिक और सुरक्षित भोजन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में बाजार में जैविक अनाज की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे भविष्य में प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों के बेहतर दाम मिलने की संभावना है। आत्मा परियोजना के माध्यम से जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को निरंतर मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक किसान इस पद्धति को अपनाकर लाभान्वित हो सकें।

# दिव्यांगजनों के लिए बनाए जाएंगे यू.डी.आई.डी. कार्ड

## जिले में 10 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित होंगे शिविर

नरसिंहपुर

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला एवं निकाय स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से यू.डी.आई.डी. कार्ड- दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए 10 मार्च से 18 मार्च 2026 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में संबंधित निकाय के दिव्यांगजनों को बस पास प्रदाय किए जाएंगे तथा रेलवे पास बनाए जाने की कार्यवाही भी की जाएगी। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती अंजना त्रिपाठी ने बताया कि यू.डी.आई.डी. कार्ड बनवाने के लिए समग्र आई.डी. व आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज की फोटो एवं स्वावलम्बन पोर्टल- यू.डी.आई.डी पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर्ची के साथ शिविर स्थल में उपस्थित होकर स्वयं का यू.डी.आई.डी. कार्ड/ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यू.डी.आई.डी. कार्ड/ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिले की जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांवरपाठा में मंगलवार 10 मार्च को, जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांईखेड़ा में बुधवार 11 मार्च को, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में गुरूवार 12 मार्च को, नगर पालिका गाडरवारा के अंतर्गत सिविल अस्पताल गाडरवारा में शुक्रवार 13 मार्च को, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत सिविल अस्पताल करेली में सोमवार 16 मार्च को, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में मंगलवार 17 मार्च को और जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत जिला अस्पताल नरसिंहपुर में बुधवार 18 मार्च को शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एम.पी.आर.डी.सी., नर्मदा घाटी विकास परियोजना, पी.आई.यू. तथा एम.पी. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अधिकारियों से विभागवार निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं गति बनी रहे और आमजन को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**निर्धारित समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ उनके रखरखाव (मेंटेनेंस) के कार्य भी समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिले के नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और निर्माण कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करते रहें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# दो दिवसीय नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

श्री श्याम किशोर सेवा समिति के द्वारा होली पर्व को लेकर दो दिवसीय नशा मुक्ति अभियान चलाया गया । शहर के कई वार्डों में जन जागरण चलाया गया गीत संगीत के माध्यम से नशा के विरोध में संदेश दिया गया। जनमानस को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया । इस मौके पर श्री श्याम किशोर सेवा समिति के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा ने नशे के दुष्परिणाम को बताया। कार्यक्रम में महासचिव विष्णु विश्वकर्मा , संयुक्त सचिव नारायण विश्वकर्मा, जिला समन्वयक घनश्याम प्रजापति, बबलू झरिया , मनोज प्रजापति, दशरथ यादव, लखन मेहरा, आनंद बैरागी, संजय जाट, सुरजीत पटेल , पवन सराठे, दीपक ठाकुर, गिरधारी लाल, यशवंत, सोनिया, तुलसीराम मेहरा एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय रोजगार मेला युवा संगम 16 मार्च को गाडरवारा में

## युवाओं को मिलेगा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 16 मार्च 2026 को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय गाडरवारा में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि युवा संगम कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक युवा इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा, जिससे उन्हें निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लें। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं से भी आग्रह किया गया है कि यदि उनकी कंपनियों, शोरूम, होटल अथवा अन्य प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की आवश्यकता हो, तो वे भी मेला स्थल पर अपना स्टॉल लगाकर आवश्यकतानुसार युवक- युवतियों का चयन कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं।

# जिले में 19 मार्च से प्रारंभ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

बालाघाट



जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा जल संरक्षण के लिए आगामी 19 मार्च से प्रदेश के सभी जिलों के साथ ही बालाघाट जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिले में इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर मृणाल मीना ने 06 मार्च को अधिकारियों की बैठक लेकर इस अभियान के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ करने के निर्देश दिये। नगरीय क्षेत्रों के शासकीय भवनों में होगें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य-- बैठक में बताया गया कि 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य कराये जाने है। इसके साथ ही जल स्त्रोतों, कुओं एवं पुरानी बावडियों के संरक्षण के लिए कार्य करना है। जल संरक्षण के लिए तालाब, स्टॉप डेम, चेकडेम, कंटूर ट्रेंच एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण करना है। नगरीय क्षेत्रों में नालों एवं नालियों का सौंदर्यीकरण किया जाना है। नगरीय क्षेत्रों में इस कार्य को स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ जोडकर करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर मीना ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य करना है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में ग्रीन एरिया डेवलपमेंट के कार्य करना है और अमृत योजना के कार्यों को पूर्ण करना है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में जिन आंगनवाडी केंद्रो के शासकीय भवन है उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पोषण वाटिका अनिवार्य रूप से तैयार की जाए।

# गाडरवारा में रैम्प कार्यशाला आयोजित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** गाडरवारा में रैम्प/ एम.एस.एम.ई. योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्थानीय उद्यमियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से संबंधित विभिन्न योजनाओं तथा नई औद्योगिक नीतियों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के परामर्शदाता द्वारा रैम्प योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान उद्यमियों को योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं इसके अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। श्री प्रवीण जैन ने जेड.ई.डी. प्रमाणन की तैयारी तथा इसके लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेड.ई.डी. प्रमाणन से उद्योगों की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नरसिंहपुर के महाप्रबंधक श्री पंकज सिंह पटेल ने नई एम.एस.एम.ई. नीति 2025 पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए शासन द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों, भूमि आवंटन, अनुदान तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की। श्री फवाद खान ने ईएसजी विषय पर उद्यमियों को जागरूक करते हुए सतत एवं जिम्मेदार औद्योगिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में गाडरवारा क्षेत्र के विभिन्न एम.एस.एम.ई. उद्यमियों सहित लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री संजय गुप्ता एवं सचिव श्री सतीश कौरव मौजूद थे। कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को गुणवत्ता उन्नयन, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि तथा शासन की नवीन औद्योगिक नीतियों का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना रहा। उपस्थित उद्यमियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

**उद्यमियों को दी गई नई एम.एस.एम.ई. नीति की जानकारी**

# क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत ग्राम डूंडी पिंडरई- सुपला में आयोजित हुआ विशेष शिविर

## पशुओं के स्वास्थ्य और प्रबंधन से संबंधित विभिन्न सेवाएं प्रदान की गई

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप तथा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत तहसील नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत सुपला के ग्राम डूंडी पिंडरई में विशेष पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है।

शिविर के दौरान पशुओं के स्वास्थ्य और प्रबंधन से संबंधित बांझपन उपचार, बधियाकरण, टीकाकरण तथा पशुओं की इयर टैगिंग सेवाएं प्रदान की गई। इसके साथ ही पशुपालकों से पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन पत्र भी भरवाए गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृत्रिम गर्भाधान केंद्र नरसिंहपुर के अंतर्गत एव्हीएफओ श्री हरिहर बुनकर, श्री धनराज मरकाम, श्री रजनीश गडेवाल, श्री रोहित मेहरा, श्री प्रिंस मुड़िया और श्री विकास महाजन ने गांव में घर-घर जाकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण पटेल ने पशुपालकों को पशु पोषण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केवल चारा और भूसा पर्याप्त नहीं होता, बल्कि पशुओं को संतुलित आहार के रूप में मिनरल मिक्सचर, दाना और खली का उचित मात्रा में सेवन कराना आवश्यक है। डॉ. एम.पी. तिवारी ने पशुपालकों को छोटे बछड़े-बछियों के समुचित विकास के लिए समय-समय पर कृमिनाशक दवाओं के उपयोग की सलाह दी। उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना की मॉनिटरिंग सीधे विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के चिन्हित 61 ग्रामों में यह योजना संचालित की जा रही है तथा वर्तमान में आधारभूत सर्वे का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्य जारी है। नस्ल सुधार, बेहतर पोषण और स्वास्थ्य प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिविर में पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ मौके पर ही पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

# विश्वकप के फाइनल में खेलना, मेरे बेहतरीन पलों में एक है: संजू सैमसन

कोलकाता (वार्ता)

टी-20 विश्वकप के सुपर आठ और सेमीफाइनल मुकाबले में मैच विजयी पारी खेलने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि फाइनल में खेलना मेरे सबसे बेहतरीन पलों में एक है। सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेंगे। सैमसन अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर कहा, च्यह मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन पलों में से एक है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं इस प्रारुप बहुत लंबे समय से खेल रहा हूं। मैंने लगभग 300 या 400 टी-20 (328) खेले हैं। मैंने एक से लेकर छह नंबर तक के क्रम में बल्लेबाजी की है। मैंने आईपीएल फ्रैंचाइजी 'राजस्थान रॉयल्स' की कसानी भी की है। इसलिए मुझे अनुभव है कि किसी समय टीम को क्या चाहिए और इस एकादश में मेरी सटीक भूमिका क्या है।



वही स्पष्टता आपको अपने तरीके से रन बनाने में मदद करती है।

### लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच

संजू सैमसन ने पिछले रविवार वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और फिर गुरुवार शाम सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 89 रन बनाकर लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने शुरुआत में ही समझ लिया था कि इस पिच पर कम से कम 250 का स्कोर करना होगा। उन्होंने कहा, यह मैच पूरी तरह अलग था। जब आप वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको पता होता है कि यहां कोई भी स्कोर काफी नहीं होता।

### मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है

इसलिए जब मुझे शुरुआत मिल गई, तो मैं उसका लाभ उठाना चाहता था। मैं जितने अधिक छक्के और चौके लगा सकता था, लगाने का प्रयास किया। मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है। इसलिए जब आप तीन या चार गेंदें देख लेते हैं, तो फिर हमला शुरू कर देते हैं। कभी नतीजा आपके खिलाफ जाता है और कभी आप जीतते हैं। लेकिन आप अपने स्वभाव या गेमप्लान को नहीं बदल सकते क्योंकि हमारे पास नंबर आठ तक बल्लेबाजी कर है। इसलिए अगर आपका दिन है तो टीम को आगे ले जाओ, नहीं तो दूसरों का साथ दो।

### तो मेरे करीबी लोग मेरे साथ थे

उन्होंने कहा, जब कठिन समय आया, तो मेरे करीबी लोग मेरे साथ थे। मैंने अपनी सारी खिड़कियां बंद कर दीं, मैंने अपना फोन बंद कर दिया। मैं सोशल मीडिया पर नहीं था। अभी भी सोशल मीडिया पर नहीं हूं। इसलिए कम शोर, कम लोग मुझसे बातचीत कर रहे थे। इससे मुझे सही दिशा में ध्यान लगाने में बहुत मदद मिली और मैं बहुत खुश हूं कि चीजे जैसे आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैंने दो शतक नहीं गंवाए। मैंने 97 और 89 बनाए हैं, यह बहुत बड़ी बात है। कभी-कभी अतीत में मैं बदकिस्मत रहा हूं, लेकिन कभी-कभी किस्मत भी आपके पक्ष में काम करती है। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह अवसर मिला है, इसलिए अब इसे पकड़कर रखना चाहता हूं।

## आईसीसी ने टी-20 विश्व कप फाइनल मैच के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा की




**दुबई (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने कहा है कि इंग्लिश जोड़ी रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इलिंगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल की जिम्मेदारी संभालेंगे, इससे पहले 2024 में क्रिस गैफनी के साथ अंपायर रहे थे। इससे पहले वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 फाइनल और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल में भी अंपायर रह चुके हैं। उनके साथ उनके हमवतन व्हार्फ भी हैं, जो अपने पहले सीनियर आईसीसी वर्ल्ड कप फाइनल की देखरेख करेंगे। पिछले साल एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अंपायर में शामिल होने से पहले, व्हार्फ आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2022 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में अंपायर रह चुके हैं।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम शनिवार को एशियन कप में जापान से भिड़ेगी



**पर्थ, (ऑस्ट्रेलिया) (वार्ता)।** भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी। फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है। वाल्वेर्डे ने कहा, हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पज़ेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे।

## मानसिक रूप मजबूत रहने की वजह से सैमसन ने हालिया परिणाम दिये: शास्त्री

मुंबई (वार्ता)

भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाजी करते समय संजू सैमसन मानसिक रूप से अधिक मजबूत हैं और टी-20 विश्वकप में उनके हालिया परिणाम इसी बदलाव की वजह से आए हैं। शास्त्री ने कहा, च्मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह एहसास हो गया है और वे इस बात को मान रहे हैं कि उन्हें और अधिक एकाग्र होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा।संजू के साथ बात यह है कि उनके पास हर शॉट आता है, लेकिन एकाग्रता में कमी रह जाती है। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप मजबूत हो गया है और जब से वह टीम में आया है,



तब से किसी को भी उसके कौशल या प्रतिभा पर शक नहीं हुआ है। शास्त्री ने कहा है कि उसका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म अभी बाकी है क्योंकि भारतीय टीम में उसकी भूमिका अब साफ तौर पर तय है। उन्होंने कहा, वह अभी भी सिर्फ 31 साल का है और एक असली मैच-विनर है। और जब आप (आज) जैसे शॉट खेलते हुए देखते हैं, तो उसमें क्लास, टच, पावर और जबरदस्त फोर्स दिखती है। यह बस अविश्वसनीय है। हालांकि सैमसन का फॉर्म भारत के लिए एक सुखद सरप्राइज रहा है, लेकिन साथी ओपनर अभिषेक शर्मा की हालिया कोशिशें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल से पहले कुछ चिंता का विषय हैं। अभिषेक ने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में सात पारियों में सिर्फ 89 रन बनाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत की एकादश में बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है और नंबर वन रैंक वाले टी-20 बल्लेबाजो को ब्लैक कैप्स के खिलाफ टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें अब बस उसके साथ बने रहना होगा। कोई बदलाव न करें क्योंकि टीम अच्छा खेल रही है। उसी पर टिके रहें और बस उसे बताएं कि अपनी काबिलियत पर विश्वास करें, अपनी ताकत पर विश्वास करें और अपनी ताकत का साथ दें। हम आपका साथ देते हैं, आप अपनी ताकत का साथ दें और वहां जाकर खेलें। आखिरी गेम आपके लिए सबसे अच्छा गेम हो सकता है।

## ब्रिटेन की कार्टल और फर्नले इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में



**कैलिफोर्निया (वार्ता)।** ब्रिटेन की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी सोनाय कार्टल और जैकब फर्नले ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स के दूसरे राउंड में जगह बना ली। 24 साल की कार्टल ने थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी को 6-4, 6-4 से हराया। अब अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका की 20वीं सीड एम्मा नवारो से होगा। लेकिन ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए यह मुकाबला आसान नहीं था, उन्होंने 4-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 48 सेकंड में यह जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग में जैकब फर्नले ने बोस्निया के दामिर जुम्हुर को 6-3, 6-3 से हराया। अगले दौर में फर्नले का मुकाबला अमेरिका की सातवीं सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। हालांकि, साथी ब्रिटिश खिलाड़ी फ्रैन जोन्स को अमेरिकी क्वालिफायर कायला डे से सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। अब उनका मुकाबला पोलैंड की दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक से होगा।

## भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक बन जायेगा चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली (वार्ता)

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने फरवरी 2026 की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि फरवरी में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की नयी सीरीज जारी होने के बाद 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष में वर्तमान मूल्यों पर आधारित नॉमिनल जीडीपी का अनुमान 357.1 लाख करोड़ रुपये से घटकर 345.5 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष में रुपये में बड़ी गिरावट रही है। समीक्षा के प्राक्कथन में कहा गया है कि दोनों कारकों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भारत के चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की घोषणा कर दी गयी थी लेकिन डॉलर की तुलना में रुपये में गिरावट से डॉलर में जीडीपी का आंकड़ा कम हुआ है। समीक्षा रिपोर्ट में ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई और उससे पश्चिम एशिया में बिगड़े हालात पर भी चिंता व्यक्त की गयी है। इसमें कहा गया



है कि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में दूसरे देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर भी हमले किये। तेल एवं गैस प्रतिष्ठानों पर भी हमले हुए हैं जिससे आपूर्ति में अस्थायी व्यवधान आया है। फिलहाल हर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद है। यदि यह जलडमरूमध्य इसी तरह बंद रहा तो कच्चे तेल के दाम में तेजी जारी रहेगी और यह 100 डॉलर प्रति बैरल का पार पहुंच सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से जारी इस संघर्ष का भारत पर गंभीर असर होगा और फिलहाल ना-मालूम रूपों में लंबे समय के लिए हो सकता है। उसने कहा कि हालिया घटनाक्रम ने आने वाले समय में प्राकृतिक संसाधनों के ज्यादा भंडारण की जरूरत को रेखांकित किया है। वित्तीय संसाधन भी जुटाने होंगे जिसके कारण आने वाले वर्षों में प्राथमिकताओं की बदलाव की जरूरत होगी। इसमें कर नीति तथा कर प्रशासन में स्थिरता तथा निरंतरता की वकालत की गयी है ताकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक यहां निवेश के लिए आकर्षित हों। इस संघर्ष के कारण भारत के भुगतान संतुलन को लेकर भी जोखिम बढ़ गया है। मंत्रालय ने भारतीय व्यापारियों को विभिन्न देशों और आर्थिक क्षेत्रों के साथ हाल में हुई मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) का लाभ उठाते हुए इस अवसर को लपकने की सलाह दी है। इसके लिए गुणवत्ता, अनुसंधान एवं विकास और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को जरूरी बताया गया है। समीक्षा में कहा गया है कि भारत इस समय आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति में है, लेकिन यह आत्म संतुष्ट होने का समय नहीं है और न ही कोविड के बाद के अपने प्रदर्शन पर आत्ममुग्ध होने का - वह अब इतिहास की बात है। भविष्य उतना ही अनिश्चित हो चुका है। मंत्रालय कहना है कि यह भारत के लिए एक अवसर भी है। सरकार की उद्यमों के अनुकूल नीति और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता निवेशकों के लिए ज्यादा अनमोल हो सकती है जो भुगतान संतुलन पर दबाव कम करने में सहायक को सकता है।

## फरवरी में रेलवे के माल ढुलाई राजस्व में 2.97 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली (वार्ता)

रेलवे ने इस्पात , लौह अयस्क और उर्वरकों की ढुलाई में वृद्धि से बीते फरवरी में 2.97 प्रतिशत वृद्धि के साथ कुल 14,571 करोड़ का माल भाड़ा कमाया जो पिछले साल इसी माह में माल भाड़े से आय 14,151.96 करोड़ रुपये थी। रेलवे की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार फरवरी में रेलवे का माल लदान सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 13.77 करोड़ टन से अधिक रहा। पिछले साल साल फरवरी में माल लदाई 13.25 करोड़ टन थी। विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में राजस्व 1.61 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने के साथ कुल माल लदाई 1,50.38 करोड़ टन तक पहुंच गई। पिछले साल के मुकाबले, इसमें 2.97 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि फरवरी में रेलवे ने परिवहन- परिणाम के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन किया और इसका शुद्ध टन किलोमीटर (एनटीकेएम) 76,00.7 करोड़ (एनटीकेएम) तक पहुंच गया। यह



फरवरी 2025 में यह 72,95. करोड़ एनटीकेएम था। इस तरह इसमें 4.18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रेलवे के लिए एनटीकेएम माल ढुलाई का एक महतवपूर्ण पैमाना है1 रेलवे के माल ढुलाई कारोबार में एक बड़ा हिस्सा बुनियादी जिंसो का है। महीने के दौरान, रेलवे ने बड़ी मात्रा में कोयला, लौह अयस्क, तैयार स्टील, फर्टिलाइज़र और सीमेंट की ढुलाई की। इस दौरान कंटेनर ट्रैफिक भी अच्छी रही। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तैयार स्टील, लौह अयस्क और फर्टिलाइज़र जैसी जिंसों की लादाई में वृद्धि का भारत की माल ढुलाई की कुल वृद्धि कुल में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खाद्य प्रसंस्करण में भारत के सामने अपार अवसर: शेखावत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को कहा कि भारत अनाज और दूसरे खाद्य पदार्थों के उत्पादन में काफी आगे बढ़ चुका है लेकिन खाद्य प्रसंस्करण में अब भी काफी अवसर हैं। श्री शेखावत ने यहां ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के शी द चेंज के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि एक जमाना था जब भारत को अपने लोगों का पेट भरने के लिए दूसरे देशों पर आश्रित रहना पड़ता था। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत अनाज, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य उत्पादन में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने कहा, खाद्य प्रसंस्करण में हम अब भी शुरुआती चरण में हैं। यदि हम दूसरे देशों की खान-पान की आदतों को समझकर उनकी पसंद के हिसाब से खाद्य प्रसंस्करण कर सकें तो हमारे सामने अवसरों का पहाड़ होगा। उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं के लिए अपना उद्यम खड़ा करने में काफी बाधाएं थीं, लेकिन आज हम ऐसे युग में रह रहे हैं जहां इसके लिए काफी अवसर हैं। आने वाले समय में घर का खाना भी लोग घर पर बनाने की बजाय ऑर्डर करेंगे। पौष्टिक खाने के साथ दादी-नानी की रेसिपी की मांग होगी। केंद्रीय मंत्री ने खान-पान में अपना उद्यम शुरू करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया और उनके हौसलों की तारीफ की। उन्होंने कहा, हम जिस




रास्ते पर निकल चुके हैं, देश को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर का पुरस्कार पाने वालों में अदिति दुगर (मास्क), अक्षया मुरली (गीथम वेज रेस्टोरेंट), अनीशा सैनी (मिसेज कौर), अलीना आलम (मिट्टी कैफे), दीपिका सेठी (इक्क पंजाब), दिव्या परवानी (पिंड), जया और पूनम तुलसियानी (बसेरा), लिप्सा सतपथी और तमासा मिश्रा (वी डम्पलिंग डायनेस्टी), महक सुगंध (काकाओ स्प्रिंग्स एंड द बिंज चॉकलेट्स), निहारिका शशि खेरिया (मोई क्क द डेज़र्ट स्टूडियो), पायल पाठक (सिम्पली सलाद), सलोनी कुकरेजा (इंदु आइस क्रीम), शिवानी मिरचंदानी (माइनस 30), सुचाली जैन (सुचालीज़ आर्टिजन बेकहाउस), श्रीदेवी जस्ती (वाइब्रेंट लिविंग), श्रेया सेनापति (स्पाइसी सिग्नेचर), तोरल संघवी और सारा जैकब नायर (नायर ऑन फायर) सहित अन्य शामिल हैं।

# सेंसेक्स में 1,097 अंक की गिरावट

मुंबई (वार्ता)

पश्चिम एशिया संकट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट देखी गयी और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक (1.37 प्रतिशत) टूटकर 17 अप्रैल 2025 के बाद के निचले स्तर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया जो इसका 29 अगस्त 2025 के बाद का निचला स्तर है। पिछले पांच कारोबारी दिवसों में से चार में शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट रही है जबकि गुरुवार को बड़ी तेजी देखी गयी। सेंसेक्स गुरुवार को 900 अंक चढ़ने के बावजूद पांच दिन में कुल 3,329.71 अंक (4.04 प्रतिशत) टूट चुका है। निफ्टी-50 भी पांच कारोबारी दिवस में 1,046.10 अंक (4.10 प्रतिशत) उतर चुका है। मझौली और छोटी कंपनियों पर आज अपेक्षाकृत कम दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में भी 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार में उथल-

### पांच दिन में चार प्रतिशत लुढ़का




पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 11 से ऊपर रहा जो दिखता है कि बाजार में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। आईटी और रसायन को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में दो प्रतिशत से ज्यादा गिरावट रही। ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,872 के शेयरों में गिरावट और 1,315 में तेजी रही। अन्य 107 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 3.39 प्रतिशत गिर गये। एक्सिस बैंक में 2.23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.56, एचडीएफसी बैंक में 2.39, भारतीय स्टेट बैंक में 2.37, बजाज फिनसर्व में 2.27, इंडिगो में 2.23 और एलएंडटी में 2.09 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.86 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.85, भारती एयरटेल का 1.83, ट्रेंट का 1.77, अडानी पोर्ट्स का 1.48, बजाज फाइनेंस का 1.28, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.23, टाटा स्टील का 1.05 और टीसीएस का एक प्रतिशत नीचे बंद हुआ। टाइटन, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। बीईएल में सबसे अधिक 1.82 प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 1.11 प्रतिशत, सनफार्मा का 0.90 और एनटीपीसी का 0.61 प्रतिशत ऊपर रहा। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.72 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.62 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.68 प्रतिशत नीचे था।

# प्रदेश में बन रहा है इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग के लिए सशक्त ईको सिस्टम : मोहन डॉ. यादव

**नीतिगत प्रोत्साहन, मजबूत औद्योगिक आधार और सस्ती बिजली से ईवी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण**

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) मैन्युफेक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से उभरते केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने के लिए मजबूत औद्योगिक आधार, उन्नत परीक्षण अधोसंरचना, ऊर्जा उपलब्धता और निवेश अनुकूल नीतियों के माध्यम से एक सशक्त ईको सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 और इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी-2025 के माध्यम से ईवी और उससे जुड़े कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को व्यापक प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश में उत्पादन, निवेश और रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।



### वैश्विक बदलाव के साथ बढ़ती ईवी की संभावनाएं

वैश्विक स्तर पर ऑटोमोबाइल उद्योग तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में बढ़ रहा है और भारत भी इस परिवर्तन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है और यह क्षेत्र राष्ट्रीय जीडीपी में लगभग 7 प्रतिशत का योगदान देता है। इलेक्ट्रिक वाहन आधारित अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ बैटरी तकनीक, अनुसंधान एवं विकास, सॉफ्टवेयर, मेंटेनेंस और संबंधित सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं।

### मजबूत ऑटोमोबाइल क्लस्टर और परीक्षण अधोसंरचना

मध्यप्रदेश इस परिवर्तन को अवसर के रूप में लेते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल और ऑटोमोबाइल कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग के लिए स्वयं को एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित कर रहा है। राज्य में पीथमपुर देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल क्लस्टर्स में से एक है, जहां 200 से अधिक ऑटोमोबाइल कम्पोनेंट निर्माता संचालित हैं और हजारों लोगों को रोजगार मिला है। इसके साथ ही एशिया का सबसे बड़ा ऑटोमोटिव परीक्षण ट्रैक नैट्रैक्स उद्योगों को अत्याधुनिक परीक्षण और अनुसंधान की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे ऑटोमोबाइल और ईवी उद्योग के लिए मजबूत तकनीकी आधार उपलब्ध हुआ है।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी से मैन्यूफेक्चरिंग को मिलेगा बढ़ावा

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 ईवी और उससे जुड़े कम्पोनेंट के लिए संपूर्ण सप्लाई चेन विकसित करने पर केंद्रित है। इस नीति के माध्यम से बैटरी निर्माण, वाहन असेंबली से लेकर रीसाइक्लिंग तक के क्षेत्रों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साथ ही इलेक्ट्रिक ट्रकों जैसे उभरते सेगमेंट को बढ़ावा देने के लिए मोटर व्हीकल टैक्स और पंजीयन शुल्क में छूट जैसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं।

### औद्योगिक प्रोत्साहन और निवेश में बढ़ेंगे अवसर

इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी-2025 के अंतर्गत उद्योगों को पूंजी अनुदान, भूमि रियायत, निर्यात परिवहन सहायता तथा हरित और अनुसंधान निवेश के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। इन नीतियों के माध्यम से राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल और उससे जुड़े उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। मध्यप्रदेश ऊर्जा के मामले में अधिशेष राज्य है और यहां बिजली दरें देश में अपेक्षाकृत कम हैं, जिससे ईवी विनिर्माण इकाइयों और चार्जिंग अधोसंरचना के संचालन के लिए आर्थिक रूप से व्यवहारिक परिस्थितियां उपलब्ध होती हैं।

### भारत में ईवी की बढ़ती मांग

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दो पहिया वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक व्हीकल की हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत, तीन पहिया में 23.4 प्रतिशत, यात्री कारों में 2 प्रतिशत और बसों में 5.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस प्रकार कुल इलेक्ट्रिक व्हीकल बाजार हिस्सेदारी 7.5 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। औद्योगिक अधोसंरचना, आधुनिक परीक्षण सुविधाएं, निवेश अनुकूल नीतियां और ऊर्जा उपलब्धता जैसे कारकों के कारण मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिर्माण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



## किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है सरकार : मुख्यमंत्री

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। किसानों की फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है। प्रदेश के किसान उड़द लगाएं, ताकि उन्हें इस बोनस का भरपूर लाभ मिल सके और अगली फसल की तैयारी भी हो जाए। राज्य सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों को भी गत वर्षों के तरह बोनस की सौगात दी है। इस वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इससे किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान प्राप्त होगा। राज्य सरकार ने किसानों के हित में अपने संकल्प-पत्र में वर्ष 2028 तक 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का संकल्प लिया है।

**गेहूं उत्पादक किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान**

आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में व्यक्त किए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री नीरज मंडलोई सहित कृषि, राजस्व, सहकारिता, जल संसाधन, उद्यानिकी तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का फूड बास्केट है, जहां दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है। हमारे राज्य के किसान आगे बढ़ें और समृद्ध हों, इसके लिए सरकार निरंतर किसान हितैषी निर्णय ले रही है।

# अब 2625 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी गेहूं उपार्जन पंजीयन तिथि 10 मार्च तक बढ़ी : खाद्य मंत्री राजपूत

### अन्नदाताओं के लिए दोहरी खुशखबरी, गेहूं खरीदी पर बोनस बढ़ा, पंजीयन तिथि भी बढ़ाई गई

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के किसानों के हित में मध्यप्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था को और अधिक किसान हितैषी बनाया है। किसानों को पंजीयन के लिए पर्याप्त समय मिल सके, इसके लिए गेहूं उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। साथ ही सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस प्रकार अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इससे अधिक से अधिक किसान अपना पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री श्री राजपूत ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागलवाड़ी में आयोजित कृषि कैबिनेट बैठक के पश्चात यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जिससे प्रदेश के अन्नदाता को सीधा लाभ मिल सके।

### 12 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक 12 लाख 4 हजार 708 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। जिला श्योपुर में 9428, खंडवा में 23017, दमोह में 21390, नरसिंहपुर में 24968, शहडोल में 4710, खरगोन में 11945, कटनी में 25497, रतलाम में 30466, सागर में 46731, राजगढ़ में 65029, शिवपुरी में 7633, डिण्डोरी में 2281, धार में 34283, बुरहानपुर में 206, विदिशा में 62996, मऊगंज में 2727, दतिया में 7420, गुना में 11984, मण्डला में 13391, रीवा में 23380, आगर मालवा में 31318, पन्ना में 11994, जबलपुर में 25698, नीमच में 8122, सीहोर में 80036, बालाघाट में 1766, सिंगरौली में 2811, अलीराजपुर में 248, मैहर में 8625, पांढुर्णा में 305, सिवनी में 35081, बैतूल में 9725, झाबुआ में 5256, शाजापुर में 58982, मंदसौर में 40204, ग्वालियर में 5984, निवाड़ी में 1802, उज्जैन में 95821, इंदौर में 32837, देवास में 57021, रायसेन में 51085, बड़वानी में 1911, अनूपपुर में 192, सतना में 31670, मुरैना में 4428, हरदा में 29805, छतरपुर में 15643, सीधी में 4357, टीकमगढ़ में 7141, अशोकनगर में 7339, नर्मदापुरम में 53086, छिंदवाड़ा में 14945, उमरिया में 5854, भोपाल में 27663 और भिण्ड में 6471 किसानों ने पंजीयन कराया है।



### पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था

पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

### पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में किसानों के हित में हो रहे हैं महत्वपूर्ण निर्णय : कंषाना

**उड़द के उपार्जन पर एमएसपी के साथ किसानों को मिलेंगे अतिरिक्त 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस**



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसान कल्याण वर्ष में किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कृषि से सम्बद्ध क्षेत्रों के विकास के लिए करीब 10 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत की 5 किसान हितैषी योजनाओं को अगले पांच साल तक निरंतर रखने को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि अब यह 5 योजनाएं 31 मार्च 2031 तक जारी रहेंगी और इसका सर्वाधिक लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को मिलेगा। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने दलहन फसल उड़द एवं तिलहन फसल सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उड़द को तय समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा और किसानों को तय समर्थन मूल्य के अतिरिक्त खरीदी गई उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी दी जाएगी। मध्यप्रदेश में सरसों का उत्पादन इस वर्ष 28 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस वर्ष 3.38 मीट्रिक टन सरसों का उत्पादन होने की संभावना है।सरसों की फसल को भावांतर योजना के दायरे में लिया जाएगा। जिन पांच किसान हितैषी योजनाओं को 31 मार्च 2031 तक निरंतर रखने का निर्णय लिया गया है उनमें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय किसान कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पर ड्रॉप-मोर क्रॉप), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग और राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल सीड योजना शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय किसान कृषि विकास योजना

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि 2008.683 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री राष्ट्रीय किसान कृषि विकास योजना की मंजूरी से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति राज्य सरकार के माध्यम से की जा सकेगी।

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि 2393.97 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की मंजूरी से किसानों को अपने खेतों में स्प्रिंकलर/ड्रिप इरीगेशन सिस्टम लगाने के लिए शासकीय अनुदान 31 मार्च 2031 तक निरंतर मिलता रहेगा। इस योजना से किसान के खेतों में माइक्रो इरीगेशन सुविधाओं में अगले 5 सालों तक लगातार विस्तार होता रहेगा।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि 3285.49 करोड़ रुपये की इस योजना को मंजूरी मिलने से ऐसे किसान, जो धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज, नगदी फसलों का पैदावार उत्पादन हैं, उन्हें क्षेत्र विस्तार, अपना उत्पादन बढ़ाने एवं मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग राज्य सरकार के जरिए निरंतर मिलता रहेगा। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि 1011.59 करोड़ रुपये की इस योजना की स्वीकृति से प्रदेश में प्राकृतिक खेती के क्षेत्रफल में विस्तार 31 मार्च 2031 तक निरंतर होता रहेगा।

# कुशवाह बने ऑटोमेशन सिस्टम से फूलों की खेती करने वाले भोपाल के पहले किसान

### पारंपरिक खेती से प्रगतिशील बागवानी तक का सफर

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** भोपाल जिले के फन्दा क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा बोंदर के रामसिंह कुशवाह कभी धान, गेहूं और सोयाबीन जैसी पारंपरिक फसलों पर निर्भर रहकर सीमित आय अर्जित करने वालेकिसान रहे है। आज वे फूलों और फलों की आधुनिक खेती से प्रतिमाह लाखों रुपये की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा केवल आर्थिक उन्नति की कहानी नहीं, बल्कि किसान सशक्तिकरण और नवाचार की प्रेरक मिसाल है। श्री कुशवाह कहते हैं, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना ने हमें आत्मनिर्भर बनाया है और समाज में एक नई पहचान दी है। श्री कुशवाह का परिवार वर्षों से पारंपरिक खेती करता आ रहा था,जिसमें बढ़ती लागत और कम लाभ के कारण आर्थिक चुनौतियाँ बनी रहती थीं। इसी दौरान उन्हें उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित



एकीकृत बागवानी विकास योजना की जानकारी मिली। उन्होंने राष्ट्रीय विकास परियोजना के अंतर्गत इस योजना का लाभ लेते हुए एक हजार स्क्यायर फिट में पॉली हाउस बनाकर फूलों (गुलाब और जरबेरा) की खेती प्रारंभ की। राज्य योजना में उद्यानिकी विभाग से एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में उन्होंने एक एकड़ भूमि में पॉली हाउस सरकार के लिए सब्सिड़ी लेते हुए गुलाब, जरबेरा, गेंदा के 30 हजार पौधें रोपे, जिससे श्री कुशवाह प्रतिदिन 4 हजार कट फ्लावर बेच कर प्रतिदिन 4 से 6 हजार रूपये तक की आमदनी प्राप्त कर रहे है। फूलों का उत्पादन बढ़ाने एवं लागत को कम करने के लिए उन्होंने इस वर्ष एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत सेंसर आधारित ऑटोमेशन सिस्टम अपने पॉली हाउस में स्टॉल करवाया जिसकी लागत 4 लाख रूपये है। इसमें 2 लाख रूपये की सब्सिड़ी सरकार द्वारा प्राप्त हुई है। ऑटोमेशन सिस्टम से एक एकड़ की खेती में पानी, खाद, दवाइयों की संतुलित मात्रा 24 × 7 बिना किसी मेन्युअल सिस्टम से दी जा रही है। जिससे पानी, खाद के समय एवं लागत की भी बचत हो रही है, वर्तमान में श्री कुशवाह पारंपरिक खेती से ऑटोमेटिक सिस्टम से बागवानी करने वाले भोपाल के पहले किसान बन गए है। उनके गुलाब, जरबेरा की सप्लाई लखनऊ, दिल्ली, जयपुर तक हो रही है। किसान श्री कुशवाह ने एक एकड़ में विगत वर्षों में 30 हजार जरबेरा के हाइब्रिड पौधों का रोपण किया तथा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली को अपनाया, जिस पर उन्हें 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ मिला।



## मंत्री कुशवाह की अध्यक्षता में एमपी एग्रो संचालक मंडल की 202वीं बैठक

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि द एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड राज्य शासन के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के लिये कार्य करने वाली महत्वपूर्ण एजेन्सी है। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के लिये अनेक योजनाएँ एमपी एग्रो के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। मंत्री श्री कुशवाह शुक्रवार को पंचानन भवन में एमपी एग्रो स्टेट एग्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के संचालक मंडल की 202वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने की विस्तृत कार्य-योजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत बीज और तकनीकी मुहैया कराने में द एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में संचालक मण्डल की सदस्य कु. सिम्मी गुर्जर, उद्यानिकी सचिव श्री जॉन किंग्सली, आयुक्त एवं प्रबंध संचालक एमपी स्टेट एग्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन श्री अरविंद दुबे, सहित संचालक मण्डल के अन्य सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकार, न्याय और कार्यवाही से ही होगा वास्तविक महिला सशक्तिकरण : भूरिया

**महिला आयोग के कार्यक्रम में न्याय चौपाल, मेंटल हेल्थ और सायबर वेलबीइंग पर हुए महत्वपूर्ण सत्र**

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा, न्याय की सुनिश्चितता और ठोस कार्यवाही ही महिला सशक्तिकरण की वास्तविक आधारशिला है। उन्होंने महिला दिवस, होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। कार्यक्रम में न्याय चौपाल, मानसिक स्वास्थ्य तथा साइबर वेलबीइंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित



किए गए। सत्र में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री सुश्री भूरिया ने महिला आयोग और सहयोगी संस्थाओं द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्यवाही विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समाज की अशासकीय संस्थाएं और जागरूक नागरिक छोटे-छोटे प्रयासों से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत बनाते हैं।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान ने बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं।मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पंचायती राज और शहरी निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, महिला पुलिस यूनिट और फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसे प्रयास महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत बना रहे हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। समाज के सभी वर्ग जब मिलकर समानता और न्याय के लिए प्रयास करेंगे, तभी सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव होगा। स्पेशल डीजी, पुलिस अनिल कुमार ने कहा की घरेलू हिंसा एक ऐसी समस्या है जिसका निदान भी खुद उस महिला के पास है। उन्होंने कहा कि अगर हर महिला यह समझ ले कि सास भी कभी बहू थी तो सास और बहू के बीच की हिंसा भी रुक जाएगी। डीजी, सामुदायिक पुलिसिंग श्री विनीत कपूर ने कहा कि महिलाओं के लिए हेल्प-डेस्क हर थाने में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा को रोकने के लिए कम्युनिटी आउटरीच होना बहुत जरूरी है। श्री कपूर ने कहा कि महिलाएं जागरूक होंगी तो अपने अधिकार से न्याय के लिए उचित कार्यवाही करने के लिए आवाज उठाएगी। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं ने पॉवर वॉक कर दर्शाया कि कठिनाइयों के बाद भी अगर सही काउंसलिंग और सकारात्मक सोच से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है।


## नाम सुधार की सूचना

मैं SACHINDRA KUMAR RAGHUWANSHI पिता कुंजी लाल रघुवंशी निवासी मं.नं. 835/1A अंडर ब्रिज के पास, नरसिंह वार्ड जबलपुर कथन करता हूँ कि मेरी दसवीं कक्षा वर्ष 1996 की मार्कशीट में मेरे नाम की गलत स्पेलिंग SACHENDER लिखी हैं। मेरे नाम की सही स्पेलिंग है - SACHINDRA सचिन्द्र। यह सुधार मुझे पासपोर्ट बनवाने हेतु आवश्यक है।

**पुराना नाम**
**सचिन्द्र कुमार रघुवंशी**
**(मो.) - 958432 4412**

## नाम सुधार सूचना

मैं मनीष कुमार केसरी पिता स्व. गोविंद प्रसाद केसरी उम्र 52 वर्ष निवासी-1038, रेवा सदन, पांडे चौक, महात्मा गांधी वार्ड, जबलपुर म. प्र. आधार नं. 5942 8961 6289 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं। 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। 2. यह कि, मेरे पुत्र शुभ केसरी (आधार नं. 8759 1633 4343) के शासकीय दस्तावेज आधार एवं पेन कार्ड में पिता का नाम मनीष कुमार केसरी दर्ज है एवं 10वीं की अंकसूची (परीक्षा वर्ष 2021) में मनीष केसरी दर्ज है। 3. यह कि, मनीष कुमार केसरी एवं मनीष केसरी एक ही व्यक्ति है। 4. यह कि, मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में मनीष केसरी के स्थान पर मनीष कुमार केसरी के नाम मुझे पढ़ा एवं लिखा जावें । जिस बावत यह शपथ प्रत्र प्रस्तुत है।

जबलपुर-दिनांक 6/3/2026

**शपथकर्ता**
**मनीष कुमार केसरी**

# तिरंगे का अपमानः मप्र के परिवहन मंत्री को नोटिस जारी कर न्यायालय ने मांगा जवाब

## गाडरवारा में रैली के दौरान तिरंगे के अनादर से जुड़ा मामला





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के आरोपों से जुड़े एक मामले में विशेष न्यायालय (सांसद/विधायक मामले) के न्यायधीश डीपी सूत्रकार ने कार्रवाई करते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है कि उनके विरुद्ध राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के अपराध में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश क्यों न दिया जाए। यह मामला नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव निवासी कोशल द्वारा दायर परिवाद पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2024 आयोजित एक तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे का अनादर किया गया।

***पैर से स्पर्श हो रहा था तिरंगा***- परिवादी के अनुसार विगत 11 अगस्त 2024 को गाडरवारा (नरसिंहपुर) में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था, जिसका नेतृत्व मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया। आरोप है कि इस दौरान मंत्री एक खुली जीप के बोनट पर आसीन होकर वे जनता को संबोधित कर रहे थे और राष्ट्रीय ध्वज को जीप के बोनट पर इस प्रकार आच्छादित कर दिया गया था कि वह झुक रहा था और उनके पैर को स्पर्श कर रहा था। उन्होंने बताया कि यह स्थिति राष्ट्रीय गौरव का अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 2 के स्पष्टीकरण 4(ज) का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके अनुसार वाहन के बोनट, छत या किसी अन्य भाग पर राष्ट्रीय ध्वज को ढकना या इस प्रकार रखना निषिद्ध है कि उसकी गरिमा प्रभावित होती हो। उल्लेखनीय है कि परिवादी ने इस घटना की शिकायत सर्वप्रथम थाना गाडरवारा में की। किंतु पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर को भी कई बार लिखित शिकायतें भेजी गईं, वहां पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही

परिवादी ने ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2014) के सर्वोच्च न्यायालय के उस अभिनिर्णय का हवाला दिया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि संज्ञेय अपराध की सूचना पर प्राथमिकी दर्ज करना पुलिस का अनिवार्य कर्तव्य है। परिवादी के बयान और प्रस्तुत साक्ष्यों- जिनमें घटना की तस्वीरें, मीडिया क्लिपिंग, डाक अस्वीकार की ट्रैकिंग रिपोर्ट और विभिन्न प्राधिकारियों को भेजी गई शिकायतों की प्रतियां शामिल हैं। जिसपर विचार करते हुए विशेष न्यायालय ने मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। परिवादी की ओर से असीम त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, प्रशांत सिरमोलिया, विनीत टेहेनगुनिया, शुभम पाटकर, पंकज तिवारी, आनंद शुक्ला ने पैरवी की।



# आज से हटाए जाएंगे मदनमहल पहाड़ी पर जमे अतिक्रमण

## सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर शुरू होगी कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मप्र उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के हाल ही में दिये गये निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आज, शनिवार 7 मार्च से मदन महल की पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के मुताबिक मदन महल पहाड़ी से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत पुरवा में आईसीएमआर के सामने वाले हिस्से से होगी। इस संबंध में पिछले कई दिनों से लगातार मुनादी कर कराई जा रही है। अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी।

***याचिका की सुनवाई पर दिया आदेश***- उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मदनमहल पहाड़ी के अतिक्रमणों हटाने की कार्यवाही के विरोध में शांति बाई शर्मा एवं अन्य द्वारा दायर की गई याचिका पर 24 फरवरी को सुनवाई करते हुये राज्य शासन को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश का शीघ्र अनुपालन करने के निर्देश दिये हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही का मप्र उच्च न्यायालय के साथ ही का समय-समय पर पालन प्रतिवेदन सर्वोच्च न्यायालय में भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

## पेड़ से लटककर वृद्ध ने की आत्महत्या

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटंगी थाने में शुक्रवार को शहनाज बी निवासी बदबदा मोहल्ला कटंगी ने सूचना देकर बताया कि रात के समय उसके पति शेख शहीद रोजा खोलने के बाद बोले कि अभी आता हूं कहरक खाना निकालने के लिए कहा। जिसके बाद उसके पति काफी देर तक पति नहीं आये। उसने अपने देवर के लड़के जफर और ससरफराज के साथ उसकी तलाशी की। इसी बीच पहाड़ी पर जाकर देखा तो चिरोल के पेड़ से उसे पति शेख शहीद फांसी लगाकर लटके थे। जफर के बताने पर जाकर देखी उसके पति शेख शहीद उम्र 60 वर्ष की फांसी लगा लेने से मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## कॉलेज के 8 लाख रूपए लेकर चंपत हुई महिला कैशियर




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

माढ़ोताल थाने में अभिषेक चौबे उम्र 46 वर्ष निवासी शांतिनगर गोहलपुर ने लिखित शिकायत कर बताया कि वह और प्रियंका शर्मा, डॉ. राधाकृष्णन ऑफ एजुकेशन करमेता में कैशियर के पद पर कार्यरत थीं। लेखा परीक्षण की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि प्रियंका शर्मा द्वारा लगभग 8 लाख रूपये की राशि का हेर फेर किया गया है। सत्र 2023-2024 में कैश बुक में रसीदों को ऑनलाइन दिखाकर लगभग 2 लाख 14 हजार 900 की राशि का गबन किया गया हैं। माह नवम्बर में महाविद्यालय के नेक का कार्य चल रहा था जिसमें महाविद्यालय के खर्च हेतु 1 लाख नगद लिये गये थे तथा 1 नवम्बर से 17 जनवरी तक का कैश लेकर लापता हो गयीं। कई छात्रों को रसीद न जारी करके हस्ताक्षरित पर्ची दी गई जिसकी राशि लगभग 3 लाख रूपये है। उपरोक्त राशि प्रियंका शर्मा द्वारा महाविद्यालय के बैंक खाता में जमा किया जाना था लेकिन प्रियंका शर्मा द्वारा महाविद्यालय की फीस की राशि स्वंय के पास रखकर अमानत में खयानत की गई, इस प्रकार कुल 8 लाख 16 हजार 100 रूपये की हेराफेरी की गई। पुलिस ने 42 वर्षीय आरोपी प्रियंका शर्मा निवासी कचनार सिटी विजयनगर के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अत्याधिक शराब के सेवन से युवक की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोहलपुर थाने में श्याम सिंह मरावी उम्र 55 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर ने सूचना देकर बताया कि उसका छोटा भाई प्रेम सिंह मरावी उम्र 28 वर्ष नर्मदा नगर में महेन्द्र साहू के मकान में किराये से रहकर लेबर का काम करता था जो शराब पीकर कहीं भी सो जाता था। पिदले दिन वह मझौली वाली बस से गोहलपुर चौराहा के पास उतरा लोगों ने उसे बताया कि तुम्हारा छोटा भाई प्रेम सिंह मरावी गोहलपुर तिराहा में पड़ा है। उसने जाकर देखा उसके भाई प्रेमसिंह मरावी की मृत्यु हो चुकी थी, उसका भाई प्रेम सिंह मरावी अत्याधिक शराब पीने का आदि था। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विक्टोरिया जिला अस्पताल में कान की सुरक्षा और जागरूकता हेतु व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी एवं नोडल ऑफिसर डॉ रुमिता आचार्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई। रैली के माध्यम से आमजन को ध्वनि प्रदूषण के खतरों और कान की देखभाल के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। विक्टोरिया अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. शोभा अग्रवाल, डॉ. पंकज ग्रोवर और डॉ. नियोगीने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में आए लोगों की हियरिंग स्क्रीनिंग की गई और उन्हें कान से संबंधित समस्याओं के निवारण के उपाय बताए गए। जिला अस्पताल के साथ-साथ जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी स्क्रीनिंग कैंप लगाए गए। एवं आरबीएस के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा स्कूलों मे जाकर बच्चों की हियरिंग स्क्रीनिंग की गई। नोडल ऑफिसर ने बताया कि कम सुनाई देने की समस्या को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है, इसलिए समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है। बच्चों मे हियरिंग लॉस का अर्ली डेटेक्श और कॉक्लीयर इम्प्लांट के बारे मे भी जानकारी दी गई।

# 48 घंटे बाद मिला बरगी डेम में डूबे युवक का शव



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

होली पर रंग गुलाल खेलने के बाद दोस्तों के साथ बरगी डेम के जीरो प्वॉइंट से करीब आधा किलोमीटर आगे नहाने गए युवक शैलेष की लाश करीब 48 घंटे के रेस्क्यू के बाद शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे पानी में उतराती हुई मिली है। पुलिस ने शैलेष की लाश का पानी से निकालकर प्राथमिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की विस्तृत जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बरगी पुलिस को स्थानीय लोगों ने बताया था कि शैलेष को डूबता देख मौके पर मौजूद स्थानीय गोताखोरों ने उसे बचाने का प्रयास किया था, लेकिन वह गहरे पानी में डूब गया। थाना में गुमशुदगी दर्ज कराए जाने पर पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में लगातार जुटी रही है। पुलिस के मुताबिक बरगी नगर जैन मंदिर के पास रहने वाले शैलेष नेमा ने बुधवार दोपहर 12 बजे तक अपने घर के पास ही साथियों के साथ होली खेली, उसके बाद दोस्त रोहन और सागर के साथ बरगी के जीरो प्वॉइंट के आगे स्नान करने गया था। डेम में नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया, शैलेष ने मदद के लिए आवाज लगाई जिसे सुनकर आसपास मौजूद गोताखोरों ने बचाने के लिए पानी में छलांग लगाई, लेकिन तब तक वह पानी में डूब चुका था। परिजनों का कहना था कि शैलेष अच्छा तैराक था। पत्थरों और अधिक पानी होने के कारण शैलेष संभल नहीं पाया और देखते ही बहाव में बह गया हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि सामान्य रूप से तैराकी करना अलग है। हो सकता है कि पानी में गिरते वक्त पत्थर की चोट शैलेष को लग गई हो। थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि लाश को पानी से बाहर निकालने के बाद पीएम के लिए भेजा गया है।

# जल स्त्रोतों को बचाना हम सभी का कर्तव्य इन्हें सवारने मिलजुलकर करें उपाय

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जल संचय जन भागीदारी 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जल संचय जन भागीदारी 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों के संबंध में भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जल संचय के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी देकर कहा गया कि पुराने जल संरचनाओं का चिन्हांन कर उनका पुनर्जीवन करें। साथ ही नए जल संरचनाओं को बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। कार्यशाला में कहा गया कि जल ही जीवन है, अतः जिले की समस्त पंचायत एवं ग्रामों, वार्डों में जल स्त्रोंतों के पुनर्जीवन कर जल संरक्षण के सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। चेकडेम बनाने, स्टॉप डेम में गेट लगाना, तालाबों व कुओं की गाद निकालने, तालाबों की पिचिंग, बोरवेल व कुआं रीचार्जए सूखे बोरवेल को फंक्शनल करनें, रूफ टॉप वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रयकर, शॉकपिट बनाने, कंटूरट्रेंच, नाला बंधाने, परकोलेशन पोंड बनाने आदि के साथ जल संचय करने के अन्यः नवाचारों के संबंध में भी जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी 2.0 और जल गंगा संवर्धन अभियान का एक ही उद्देश्य है कि जल संचय प्रभावी रूप से हो। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोंतों के संरक्षण व पुनर्जीवन के साथ जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं उनमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के उपाय हों।

***नियमित करें मॉनिटरिंग***- सभी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, में भी वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों को पोर्टल में एंट्री करायें। साथ ही तालाबों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करायें। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए शहरी क्षेत्र में नगर निगम कमिश्नर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला पंचायत इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। विभाग के निर्देशानुसार पीएचई द्वारा भी हेंडपम्पों में रिचार्ज पिट बनाये जाने व वाटर हार्वेस्टिंग कराये जाने के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी, ताकि नल जल योजनाओं का सफल संचालन हो सके। उन्होंने समूह जल प्रदाय योजनाओं के संचालन के संबंध में नियमित मॉनिटरिंग के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्यम कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने ग्रामीणों ने की मांग

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत सिहोरा के नक्शे में बड़ी पंचायत में शामिल तहसील के गोसलपुर कस्बे में बड़े लंबे समय से राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने की मांग की जा रही है। गौरतलब है कि गोसलपुर लगभग एक सैकड़ा गांवों का केंद्र बिंदु माना जाता है हालांकि यहां पर पूर्व से डाकघर जिला सहकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा संचालित है परंतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा में ग्राहकों की संख्या अधिक होने एवं वहां पर पदस्थ कर्मचारियों अधिकारियों के काम काज ठीक ठाक न होने के चलते लोग बड़े लंबे समय से गोसलपुर नगर मे राष्ट्रीयकृत बैंक की नई शाखा खोलने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में गत वर्ष जनसेवा समिति के द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के सर्वेक्षण विभाग को पत्र भी प्रेषित किया गया था। ग्राम के अनिल जैन, गनपत सिंह चौहान, गोविंद सिंह ठाकुर, रविंद्र श्रीवास, श्वेतांक पालीवाल ने भारतीय रिजर्व बैंक के उच्च अधिकारियों से गोसलपुर में नई बैंक की शाखा खोलने की मांग की है।

## सूने मकान से नगदी जेवर ले उड़े चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाने में लकी दुबे उम्र 26 वर्ष निवासी सिंधी केम्प बाबा टोला ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह ड्रायवरी करता है। विगत दिवस वह पत्नी प्राची दुबे के साथ घर में ताला लगाकर दीदी सीमा तिवारी के घर पप्पू चौगड्डा गया था। वापस आकर देखा घर का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी खुली थी सामान बिखरा हुआ था। जिसमें रखें 18 हजार रूपये, सोने-चांदी के जेवर गायब थे। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**